आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926
जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुकमनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 315 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8
www.hukmnamasamachar.com
जयपुर, सोमवार, 17 अगस्त, 2026
www.Lokvarta.net


राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## प्रगति पथ पर गतिमान राजस्थान





श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

17 अगस्त, 2026 | प्रातः 11:30 बजे | कृषि उपज मण्डी, बारां

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**श्री शिवराज सिंह चौहान**
माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री

### बारां एवं झालावाड़ जिलों के लिए

### ₹1,258 करोड़ के 98 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

**प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण**

राजस्थान को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2.89 लाख आवासों के निर्माण हेतु ₹ 4600 करोड़ आवंटित

पंचायत समिति मुख्यालयों पर स्वीकृत प्रोटोटाइप आवासों का शिलान्यास

लाभार्थियों को नवीन आवास की चाबी का वितरण

**विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण**

कन्वर्जेन्स के तहत लगभग ₹2,400 करोड़ के कार्यों को युक्त धारा पोर्टल पर कार्ययोजना में सम्मिलित करना

• प्रमुख कार्य •

अमृत पोषण वाटिका | अमृत ग्रामीण हाट बाजार | ग्रामीण पुस्तकालय
अमृत संजीवनी पार्क | कांजी हाउस पशु आश्रय स्थल | नमो नर्सरी

**डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरण**

मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना
5 लाख पशुपालकों को ₹280 करोड़

गौशाला अनुदान
751 गौशालाओं को ₹250 करोड़

**महिला उत्थान**

स्वयं सहायता समूह की दीदियों को ₹10 करोड़ के क्रेडिट लिंकेज चेक का वितरण

राजस्थान महिला निधि की लखपति दीदी ऋण योजना अंतर्गत 957 लखपति दीदियों को ₹8 करोड़ के चेक का वितरण

राजस्थान महिला निधि की समर्थ सखी योजना अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को स्कूटी वितरण

"सशक्त सीएलएफ, समृद्ध दीदी डिजिटल अभियान-2026" का शुभारंभ

ग्राम श्री राजसखी मार्ट 11.77 लाख, बारां का शुभारंभ

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह, उमंग एवं गरिमा के साथ मनाया गया। चौगान स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इससे पूर्व उन्होंने अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। मुख्य अतिथि ने खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सांसद मंजू शर्मा, विधायक बाल मुकुंदाचार्य, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, संभागीय आयुक्त सरवन कुमार, जिला कलक्टर संदेश नायक, पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे। कर्नल राठौड़ ने नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों तथा सेना और पुलिस के जवानों के बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने सक्षम, समृद्ध एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 37 व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् थीम पर सामूहिक लोक नृत्य एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में 36 विदेशी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एवं कंटेंट क्रिएटर भी शामिल हुए।



## पंचायती राज एवं नगरीय निकायों के पदों के आरक्षण हेतु लॉटरी प्रक्रिया आज से

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** श्रीगंगानगर में पंचायती राज संस्थाओं के पदों- जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों तथा पंचायत समिति प्रधान तथा नगरीय निकायों के पदों के वर्गीकरण हेतु आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया 17 अगस्त 2026 को प्रातः 10:30 बजे जिला कलेक्टर सभागार श्रीगंगानगर में आयोजित की जाएगी। लॉटरी प्रक्रिया आम चुनाव 2026 के लिए आरक्षण निर्धारण के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा लॉटरी प्रक्रिया को नियमानुसार एवं पारदर्शी तरीके से संपादित किया जाएगा।

## अपेक्स बैंक में प्रशासक ने किया ध्वजारोहण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य सहकारी बैंक लि. (अपेक्स बैंक) में शनिवार को 80वां स्वाधीनता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। यहां सहकारिता विभाग के शासन सचिव एवं अपेक्स बैंक के प्रशासक डॉ. समित शर्मा ने झण्डारोहण किया। उन्होंने इस अवसर पर सलामी गारद का निरीक्षण किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।डॉ. शर्मा ने इस मौके पर बच्चों और उपस्थित लोगों को मिष्ठान्न का वितरण किया। बैंक के प्रबंध निदेशक रणजीत सिंह चुण्डावत, महाप्रबंधक पी.के. नाग और उप महाप्रबंधकगणों के साथ ही अन्य कार्मिक इस अवसर पर उपस्थित रहे।



## नारायणी धाम अलवर से बूज पहुंची द्वितीय डाक कावड यात्रा, शिवभक्तों ने 'बम बोल के साथ किया भोलेनाथ का अभिषेक

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पुराणों के अनुसार सनातन धर्म एवं संस्कृति में श्रावण मास को सबसे पवित्र माना गया है। कहा जाता है की श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ ओर माता पार्वती वेश बदलकर प्रथ्वी लोक पर विचरण करते हैं और अपने शिवभक्तों का हाल-चाल जानने कैलाश से प्रथ्वी लोक पर आते हैं।

पवित्र श्रावण मास में कावड यात्राओं की बडी धूम रहती है। इसी क्रम में वन्यजीव एवं पर्यावरण प्रेमी लालाराम सैनी के नेतृत्व में द्वितीय डाक कावड यात्रा नारायणी धाम अलवर से बूज गांव में पहुंची।

डाक कावड यात्रा के बूज गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने शिवभक्तों का जोरदार अभिनन्दन किया इस अवसर पर वन्यजीव एवं पर्यावरण प्रेमी लालाराम सैनी ने बताया की 'बोल बम' के जयकारों के साथ द्वितीय कावड यात्रा का उनका बहुत ही सुखद अहसास रहा। उन्होंने कहा की यदि आप सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ का नाम लेकर चलते हैं तो कावड यात्रा में ना तो आपको थकान होगी और ना ही आपकी यात्रा में कोई विध्न उत्पन्न होगा।

शिवभक्तों पर हमेशा भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहती है। इस अवसर पर वन्यजीव एवं पर्यावरण प्रेमी लालाराम सैनी, छोटेलाल सैनी, छोटूलाल सैनी, हनुमान सहाय सैनी(आमली) रवि कुमार सैनी, लोकेश कुमार सैनी, कृष्ण कुमार सैनी, विकास कुमार व मनीष कुमार सहित अन्य शिवभक्त मौजूद रहे।



## पत्रकारिता विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में 80 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराते हुए हर्षोल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. नंद किशोर पांडेय ने ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में कहा कि आजादी के 80 वर्ष बाद आज हमारे देश में आत्मनिर्भरता और प्रगति की पूरे विश्व में चर्चा है। उन्होंने कहा कि आजादी के समय हमारे देश की साक्षरता दर मुश्किल से 12-15 प्रतिशत थी जो आज बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई है। अनाज, दूध और औद्योगिक वस्तुओं के उत्पादन में हम अग्रणी हो गए हैं। जिस अमेरिका से कभी हमें अपने देश के लिए पीले गेहूं और चावल का आयात करना पड़ता था, उसी अमेरिका को आज हम सर्वश्रेष्ठ चावल निर्यात करते हैं। भारत की बहुसांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए प्रो. पांडेय ने कहा कि हमारे देश में विविध धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग हैं। यह हमारी विविधता और एकता की मजबूत कड़ी है कि हम आपस में परस्पर सम्मान और भारतीयता के सूत्र से बंधे हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह स्वतंत्रता बहुत संघर्षों और बलिदानों के बाद मिली है, इसलिए इसकी हर हाल में रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## जिले के शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस पर गूंजी मतदाता जागरूकता की शपथ

### सशक्त लोकतंत्र के लिए युवाओं ने लिया संकल्प

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में सामूहिक रूप से मतदाता शपथ का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षण संस्थानों के परिसरों में विद्यार्थियों, शिक्षकगणों और स्टाफ सदस्यों ने मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का निष्पक्ष प्रयोग करने का संकल्प लिया। स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि जिले के कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय सरदारशहर, मॉडर्न टीटी गर्ल्स कॉलेज चूरू, इंडियन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज चूरू, भंवरलाल मेघवाल राजकीय कन्या महाविद्यालय सुजानगढ़), राउमावि सिरसला, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धीरासर चारणान तथा राउमावि चारणवासी रतनगढ़ सहित जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान राष्ट्र भक्ति के साथ-साथ मतदाता जागरूकता की गूंज सुनाई दी। संस्था परिसरों में युवाओं और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।



## स्वतंत्रता दिवस पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में ध्वजारोहण

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 4, रेगर मोहल्ला शहर स्थित विद्यालय परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर नगर परिषद पार्षद पुरुषोत्तम जौलियां ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।ध्वजारोहण के बाद उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया गया। पार्षद पुरुषोत्तम जौलियां ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के साथ देश की प्रगति में अपना योगदान देने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और तिरंगे की शान से सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों में भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।



## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस पर जिला कांग्रेस कार्यालय में फहराया तिरंगा, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी, सवाई माधोपुर कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष इंदिरा मीना के पारिवारिक कारणों से उपस्थित नहीं रहने पर संगठन महासचिव राजेश पहाड़िया ने ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर राजेश पहाड़िया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान को स्मरण करने का दिन है। उनके बलिदान के कारण ही आज देशवासी स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना के प्रथम शब्द 'हम भारत के लोग' देश की एकता और लोकतांत्रिक शक्ति का प्रतीक हैं। भारत की मजबूती धर्म, जाति, समुदाय अथवा क्षेत्रवाद में नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे, एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों में निहित है। पहाड़िया ने कहा कि देश की एकता, अखंडता, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।



### नरेन्द्र भारद्वाज तीसरी बार जिला पत्रकार समिति के अध्यक्ष निर्वाचित

**सवाईमाधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला पत्रकार विकास समिति (रजि.) के चुनाव रोडवेज डिपो के समीप स्थित एक होटल में आयोजित हुए। इस दौरान सर्व सम्मति से नरेन्द्र भारद्वाज को एक बार फिर तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जिला पत्रकार समिति के अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी जिला कलेक्टर गौरव बुडानिया, रणथंभौर के सीसीएफ शारदा प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी, रणथंभौर के डीएफओ मानस सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक शहर राजेन्द्र मीना, सीआई राकेश शर्मा, चौथ का बरवाड़ा तहसीलदार नरेन्द्र सिंह आदि भी मौजूद रहे। अतिथियों का समिति की ओर से स्मृति चिंह भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सीईओ ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षिका मीना शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी जिला कलेक्टर बुडानिया ने कहा कि पत्रकार जनता और प्रशासन के बीच सेतू का काम करते हैं और यह कार्य जिले के पत्रकार बखुबी कर रहे हैं। जनहित के मुद्दों को लेकर प्रशासन को समय समय पर सुझाव देते रहें। तंत्र की कमी को भी उजागर करते रहें, जिससे वह हमारे संज्ञान में आती रहे और उसमें सुधार किया जा सके। रणथंभौर के सीसीएफ एस.पी.सिंह ने कहा कि प्रशासन और पत्रकारों में सामंजस्य होगा तभी विकास कार्यों को गति मिलेगी। जिले के पत्रकार आमजन की आवाज है और अपने काम को बखूबी निभाते भी हैं। यहां का मीडिया फ्रेंडली है, जिनका फोकस सिर्फ काम पर हैं और ऐसा होना भी चाहिए।




### बूज ग्राम पंचायत मुख्यालय पर धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ व आंधी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया आजादी का पर्व। इसी क्रम में बूज, खवारानी जी, नेवर, रायपुर, बिरासना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर व वन्यजीव एवं पर्यावरण प्रेमी लालाराम सैनी ने धूमधाम से मनाया गया 80 वां स्वतंत्रता दिवस। इस अवसर पर बूज में प्रशासक सीमा करण सिंघल, खवारानी में शांति देवी शर्मा, नेवर में मन्ना देवी फैली राम मीणा, रायपुर में नीरज हंसराज मीणा व बिरासना में नमोनारायण मीणा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी रामखिलाडी मीणा व मनीष कुमार मीणा ने बताया की 15 अगस्त 1947 को हमारा देश अंग्रेजों की 200 साल की गुलामी से आजाद हुआ था। इस अवसर पर रायपुर सरपंच नीरज हंसराज मीणा ने बताया की हमें काफी संघर्ष के बाद आजादी मिली थी। इस आजादी के लिए हमारे हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान दिया था। तब कहीं जाकर हमें आजादी मिली थी। बिरासना सरपंच नमोनारायण मीणा ने कहा की हम सब भारतीय एक है ओर तिरंगा हमारी आन बान और शान है। नेवर ग्राम पंचायत में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जनता में काफी उत्सुकता नजर आई। ध्वजारोहण के बाद सभी को मिठाई (लड्डू) वितरण किया गया।



### समाजसेवी बुद्वाराम ध्यावणा द्वारा किया गया कावड यात्रियों का सम्मान

#### कावड यात्रियों को कराई पंगत प्रसादी

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** आंधी तहसील के लालवास गांव निवासी बुद्वाराम ध्यावणा परिवार द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी बालाजी मंदिर लालवास में दिनांक 16 अगस्त को ग्राम नारायणी माता से दुर्गेश्वरी ध्यावण माता देवनागरी झामरा की 18 वीं कावड पदयात्रा का पुष्प वर्षा कर माता जी की झांकी एवं निशान की पूजा अर्चना कर एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। समाजसेवी मुकेश ध्यावणा ने बताया की कावड यात्रियों को जलपान कराकर उन्हें विश्राम स्थल उपलब्ध कराया एवं उनके लिए जलपान एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। ओर जय माता दुर्गेश्वरी ध्यावण माता के जयकारे लगाते हुए नजर आए। उन्होंने कावड यात्रियों के साथ ही गांव के बालकों को भी भोजन प्रसादी कराई। रखेंगे।



### एलआईसी अभिकर्ता यूनियन टोंक के चुनाव संपन्न, बलवंत सिंह बने अध्यक्ष

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** टोंक एलआईसी अभिकर्ता यूनियन (लियाफी) के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में अभिकर्ताओं ने भाग लिया। चुनाव के दौरान जयपुर मंडल से पदाधिकारी लखन सिंह, मनीष एवं रतनज्त किया गया। उनके पैनल में हेमराज मीणा को सचिव, बालकृष्ण नामा को कोषाध्यक्ष तथा ओमप्रकाश मधुकर को उपाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद बलवंत सिंह ने कहा कि आने वाले समय में अभिकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही अभिकर्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। चुनाव परिणाम के बाद शाखा के अधिकारियों, विकास अधिकारियों एवं साथी अभिकर्ताओं ने बलवंत सिंह एवं उनकी नवनिर्वाचित टीम का सम्मान करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।



## बृजनगर एवं सीकरी को गृह राज्य मंत्री ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

# क्षेत्र के आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण और जनकल्याण हेतु राज्य सरकार पूर्णतः संकल्पित :जवाहर सिंह बेढ़म

### 2.07 करोड़ के भव्य सामुदायिक भवन, हरिजन धर्मशाला व डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण; अनेक निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के कर-कमलों से बृजनगर एवं सीकरी क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत के विभिन्न नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण तथा नवीन जनकल्याणकारी निर्माण कार्यों का भूमि पूजन व शिलान्यास संपन्न हुआ। क्षेत्र के चहुंमुखी विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण की कड़ी में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने बृजनगर में आमजन के सामाजिक एवं मांगलिक आयोजनों को सर्वसुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराने हेतु 2.07 करोड़ की लागत से नवनिर्मित भव्य सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने वंचित वर्ग के सामाजिक उत्थान और सुविधा हेतु ?19.71 लाख की लागत से निर्मित हरिजन धर्मशाला का लोकार्पण किया तथा क्षेत्र के युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को आधुनिक शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाख की लागत से स्थापित अत्याधुनिक डिजिटल/ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ कर जनता को समर्पित किया। क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को नई गति प्रदान करते हुए गृह राज्य मंत्री ने बृजनगर में 75 लाख की लागत से बनने वाले विशाल डोम निर्माण कार्य, 20 लाख की लागत से इंदिरा सर्किल के भव्य सौंदर्यीकरण कार्य तथा ?40 लाख की लागत से निर्मित होने वाली विभिन्न आंतरिक सीसी सड़कों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र के विकास को विस्तार देते हुए उन्होंने नगरपालिका सीकरी के विभिन्न वार्डों में कुल ?1.39 करोड़ की लागत से बनने वाली 23 प्रमुख सीसी सड़कों के सुदृढ़ीकरण व निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बेढ़म ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाने, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्यरत है। उन्होंने कहा कि बृजनगर और सीकरी क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। नवनिर्मित सामुदायिक भवन व धर्मशाला से जहां सामाजिक सरोकारों को संबल मिलेगा, वहीं ई-लाइब्रेरी से स्थानीय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं और प्रशासनिक अधिकारियों को सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।



आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926
जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्याः जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 315 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8
www.hukmnamasamachar.com
जयपुर, सोमवार, 17 अगस्त , 2026
www.Lokvarta.net

## अमित शाह का निम्बाहेड़ा और अलवर दौरा.....

# सहकारिता से हर गांव हो रहा समृद्ध-अमित शाह

### प्रधानमंत्री किसानों और पशुपालकों के लिए हर साल ला रहे नई योजना

### डबल इंजन की गति और शक्ति से राजस्थान के हर कोने तक पहुंच रहा विकास-भजनलाल शर्मा

### प्रदेश के 17 जिलों को मिली 6,453 करोड़ के 954 विकास कार्यों की सौगात




**अलवर ( हुक्मनामा समाचार )।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि सहकारिता के माध्यम से देश का हर गांव समृद्ध हो। सहकार से समृद्धि के उनके मंत्र को चरितार्थ करते हुए हम हर गांव को समृद्ध करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को पूर्ण विकसित बनाना है तो युवा, गरीब, अन्नदाता और महिला को सशक्त करना होगा। आज इन वर्गों के उत्थान की अवधारणा 'ज्ञान' अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के कल्याण का संकल्प पूरा हो रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को अलवर के विजयनगर ग्राउंड में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज किसानों को किसान सम्मान निधि, महिलाओं और पशुपालकों के लिए डेयरी की सुविधाएं तथा युवाओं को नौकरी की सौगात दी गई है। साथ ही, 3 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के डेयरी प्लांट का शिलान्यास किया गया है। भविष्य में इसकी क्षमता को 5 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इससे पशुपालक परिवारों की आर्थिक तरक्की सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि को-ऑपरेटिव और डेयरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गरीब पशुपालक के जीवन को बदलने के साथ ही नई पीढ़ी के लिए संभावनाओं के द्वार खोलने की ताकत रखती है। उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां की 33 लाख महिलाओं ने 100 रुपये निवेश किए और वहां आज 33 डेयरी प्लांट चल रहे हैं, जिनका टर्नओवर सवा लाख करोड़ रुपये है।

**हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को किया जा रहा मजबूत** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार डबल इंजन की गति और शक्ति से राजस्थान के हर कोने तक विकास पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज प्रदेश के 17 जिलों को 6 हजार 453 करोड़ रुपये के 954 विकास कार्यों की सौगात मिली है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राजस्थान के हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और विकास की गति को तेज करना है। यह कदम प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प में राजस्थान की सहभागिता को नई ऊंचाई देगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन में दशकों से लंबित यमुना जल समझौते को मुकाम तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके लिए राजस्थान हमेशा उनका ऋणी रहेगा। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा, नई शक्ति, नई दिशा और नया विश्वास मिला है। विशेष रूप से सहकारी डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने, दूध खरीद बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों और मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए श्वेत क्रांति 2.0 एक महत्वपूर्ण पहल है। अलवर में सरस डेयरी के नए प्लांट का शिलान्यास इसी विश्वास को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इस आधुनिक प्लांट के निर्माण से दूध के प्रसंस्करण की क्षमता बढ़ेगी, दुग्ध उत्पादकों को बेहतर बाजार मिलेंगे।

**भूगोर तिराहे का नाम अब कप्तान छुट्टनलाल मीणा चौक** मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न दुग्ध संघों के डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट और कैटल फीड प्लांट का लोकार्पण भी किया गया है।

आज प्रदेश के किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी किश्त के रूप में 667 करोड़ रुपये से अधिक की राशि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 152 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी की गई है। साथ ही, 10 हजार 548 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं।

### किसान, पशुपालक एवं युवाओं को मिली सौगात

इस दौरान केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने किसान सम्मान निधि योजना की छठी किस्त के तहत 66 लाख 74 हजार से अधिक किसानों के खातों में करीब 667 करोड़ रुपए एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 152 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। उन्होंने नए केन्द्रीय सहकारी बैंकों के गठन के साथ प्रदेश के 17 जिलों में 6 हजार 453 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अलवर सरस डेयरी के नवीन प्लांट का शिलान्यास किया। साथ ही विभिन्न दुग्ध संघों के डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट एवं कैटल फीड प्लांट का लोकार्पण किया।

### हर गांव में सहकारी समिति का लक्ष्य

**केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि राजस्थान में वर्तमान में 44 हजार सहकारी समितियां हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर गांव में सहकारी समिति हो। प्रदेश में 500 मीट्रिक टन के 200 गोदाम बनाए जा रहे हैं और 50 नए गोदाम और स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों और पशुपालकों के कल्याण के लिए हर साल एक नई योजना की सौगात दे रहे हैं।**

### 15 जिलों में 5 हजार 659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

### जल जीवन मिशन से बदली गांवों की तस्वीर-शाह

### अटलजी का पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को रहा समर्पित

### नए आपराधिक कानूनों से न्याय व्यवस्था में आ रहा व्यापक सुधार-मुख्यमंत्री




**निम्बाहेडा ( हुक्मनामा समाचार )।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित रहा। वे बाल्यकाल से ही राष्ट्रभक्ति के रास्ते पर चले। 40 साल तक विपक्ष में रहने और हर प्रतिकूल परिस्थिति के बावजूद राष्ट्रभक्ति का सिद्धांत ही उनके जीवन का आधार रहा। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के विकास को लेकर कई बड़े फैसले किए। पूरे विश्व के दबाव के सामने ना झुकते हुए उन्होंने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित अटल गौरव स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 15 जिलों में 5 हजार 659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया गया। साथ ही, जल जीवन मिशन के तहत 1 हजार 500 गांवों को हर घर नल से जल की सौगात दी गई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी देश के महान नेता थे। उनके कुशल नेतृत्व में द्वितीय परमाणु परीक्षण और 1999 के कारगिल युद्ध की जीत ने भारत की छवि को दुनियाभर में मजबूत किया। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से भारत को एक स्वाभिमानी और सशक्त राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाजपेयी जी के जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में घोषित किया।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है।

---

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब- किसानों का खनौरी बॉर्डर पर पक्के मोर्चे का ऐलान

**लुधियाना।** पंजाब से दिल्ली जा रहे 55 किसानों को खनौरी-दाता सिंहवाला बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने रोक दिया है। इसके बाद किसानों की जींद डीसी वैशाली शर्मा के साथ दो बार मीटिंग हुई। हालांकि, इसमें कोई हल नहीं निकला। इसके बाद किसानों ने पक्के मोर्चे का ऐलान कर दिया। किसान पंजाब की साइड धरने पर बैठ गए हैं। हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, कंटीली तार, कंक्रीट ब्लॉक और कंटेनर लगाकर रास्ता बंद किया हुआ है। भारी पुलिस बल तैनात है।

### पांच बार के विधायक ने टीएमसी ऑफिस में फांसी लगाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह बीरभूम जिले के टीएमसी ऑफिस में उनका शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

### पेनल्टी कॉर्नर





### पटेला री पोल

धूमधाम से मना 15 अगस्त, उत्साह दिखा चारों ओर
आजादी का मतलब समझ गए, अधिकारों पर कर रहे गौर
दमन अत्याचार नहीं सहेंगे, नहीं चिकनी चुपड़ी बात
मनमासिक राज नहीं चला तो, जनता दे देगी सीधी घात
..मुखिया जी

# देश में भारी बारिश से नदियां उफान पर

### चमोली में लैंडस्लाइड, बद्रीनाथ हाईवे बंद





**नई दिल्ली।** यूपी में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। गंगा, यमुना और शारदा समेत 11 नदियां उफान पर हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। इससे यूपी-एमपी को जोड़ने वाला पुल डूब गया है। पानी कॉलोनियों और घरों तक पहुंच गया है। उत्तराखंड के चमोली में शनिवार देर रात से हो रही भारी बारिश के कारण बाजपुर के पास पहाड़ का एक हिस्सा खिसक गया। जिससे बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया। हिमाचल में 30 जून से 15 अगस्त के बीच मानसून से जुड़ी घटनाओं में 183 लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार शाम 5 बजे तक राज्य में 103 सड़कें बंद थीं। ओडिशा के केंद्रपाड़ा में एक सरकारी रेजिडेंशियल स्कूल के कैंपस में बाढ़ का पानी घुसने से लगभग 400 छात्र फंस गए। इनमें 150 लड़कियां भी शामिल हैं। ब्राह्मणी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बच्चों को दूसरे रेजिडेंशियल स्कूल में पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसके लिए मोटर बोट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**जम्मू-कश्मीर के भलेसा भारी बारिश** भारी बारिश से भलेसा-गंदोह में भारी बारिश हो रही है। इससे सामान्य जीवन प्रभावित हो गया है।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का नया क्षेत्र बनने के बाद आईएमडी ने कुछ इलाकों में बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है, जिसके बाद ओडिशा सरकार ने रविवार को पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया। लगातार दूसरे दिन भी भारी बारिश जारी रहने से बाढ़ प्रभावित उत्तरी जिलों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं

### वाराणसी एयरपोर्ट पर गोली चली, 2 कर्मचारी घायल

**वाराणसी/ आजमगढ़।** वाराणसी एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हथियार की जांच के दौरान एक यात्री से गोली चल गई। इससे महिला समेत दो कर्मचारी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए न्यू लक्ष्मी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। घटना सुबह करीब 9:30 बजे हुई। यात्री कमलेश राय पत्नी के साथ एअर इंडिया एक्सप्रेस की IX-1810 फ्लाइट से मुंबई जा रहे थे। उन्होंने विमान में ले जाने वाले हथियार को पहले ही डिक्लेयर किया था। हथियार की जांच के दौरान उससे एक राउंड फायर हो गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की सूचना पर पहुंची पुलिस को कमलेश के पास से पिस्टल समेत 21 कारतूस मिले। करीब 5 घंटे तक पूछताछ के बाद फूलपुर पुलिस उन्हें थाने ले गई।

### निकाय चुनाव से पहले 41 नगर पालिका अधिकारियों का ट्रांसफर

#### 24 एपीओ अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** निकाय चुनाव से पहले स्वायत्त शासन विभाग ने 41 नगर पालिका अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग के आदेश जारी किए हैं। लंबे समय से एपीओ यानी अवेटिंग पोस्टिंग ऑर्डर चल रहे अधिकारियों को विभाग की ओर से नई जिम्मेदारी दी गई है, जबकि 11 अधिकारियों को एपीओ किया गया है।

**24 एपीओ अधिकारियों को मिली नई पोस्टिंग** ट्रांसफर लिस्ट में 24 ऐसे अधिकारी शामिल हैं, जो लंबे समय से एपीओ चल रहे थे। विभाग ने इन अधिकारियों को अलग-अलग नगरीय निकायों में आयुक्त, अधिशासी अधिकारी और राजस्व अधिकारी सहित विभिन्न पदों पर पदस्थापित किया है।

इन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद संबंधित नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में प्रशासनिक कामकाज को गति मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से रिक्त चल रहे पदों पर भी अधिकारियों की नियुक्ति हो सकेगी।

स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी तबादला आदेश में नगर पालिका सेवा के अलग-अलग स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इनमें वरिष्ठ आयुक्त, आयुक्त, अधिशासी अधिकारी और राजस्व अधिकारी स्तर के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। विभाग ने प्रशासनिक जरूरत और विभिन्न नगरीय निकायों में उपलब्ध पदों के आधार पर अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी हैं।

### सरकार के खिलाफ खड़े होने वालों की तारीफ हो-राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सरकार की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने वाले भारत के युवाओं का साहस सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि बदसलूकी, गाली-गलौज और हिंसा का सामना करने वाली छात्राओं की भी तारीफ होनी चाहिए ।राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर छात्रों से बातचीत का वीडियो भी शेयर किया। इन छात्रों ने पिछले महीने पेपर लीक के मुद्दे पर तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था ।राहुल और छात्रों के बीच यह बातचीत 5 अगस्त को हुई थी, लेकिन इसका वीडियो उन्होंने आज शेयर किया है।

### बंगाल में कांग्रेस नेता की हत्या, बेटे को भी मारा

#### 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में स्वतंत्रता दिवस की रात कांग्रेस नेता अनीसुर रहमान और उनके बेटे की हत्या कर दी गई। घटना बेथुआडहरी रेलगेट के पास हुई। शनिवार रात अनीसुर अपने बेटे के साथ कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोककर अंधाधुंध फायरिंग की। इसके बाद कार का गेट खोलकर दोनों पर धारदार हथियारों से हमला किया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अनीसुर रहमान प्रदेश कांग्रेस समिति के सदस्य और नादिया जिला कांग्रेस के महासचिव थे। जबकि उनका बेटा अबू सुफियान कल्याणी से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें हरनगर से टीएमसी की पंचायत हेड फातिमा बीवी और साहेब अली मंडल और मिथुन शेख शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि हत्या में टीएमसी के नेता जुबेर शेख का हाथ है।

### पीएम मोदी ने लालकिले से विकसित भारत 2047 का रोडमैप पेश किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण, शिक्षा, खेल, नागरिक सुरक्षा, सेमीकंडक्टर निर्माण, परमाणु ऊर्जा और महिला नेतृत्व वाले विकास को शामिल करने वाली कई योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए अपना रोडमैप भी प्रस्तुत किया। मोदी ने 2047 तक भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाकर 100 गीगावाट करने का लक्ष्य भी रखा। उन्होंने अधिक सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाने की योजनाओं की घोषणा की और कहा कि सरकार छह करोड़ ''लखपति दीदियां'' बनाने का लक्ष्य रखेगी, जो उसके पहले के लक्ष्य से दोगुना है। इन घोषणाओं को सुधारों में तेजी लाने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में पेश किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को अगले पांच से सात वर्षों में वह हासिल करना होगा, जिसे वह पिछले पांच से सात दशकों में हासिल नहीं कर सका ।मोदी ने घोषणा की कि अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'आज का दौर एआई, क्वांटम तकनीक, अंतरिक्ष, रोबोटिक्स और डेटा सेंटर का है।'

### लाल किले पर 80वें स्वतंत्रता दिवस पर गूंजा वंदे मातरम्

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को देशभक्ति की भावना और बहुस्तरीय सुरक्षा के बीच यहां लालकिला परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। लालकिले पर समारोह के दौरान पहली बार राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' गाया गया। इस अवसर पर सेना के एक बैंड ने 'वंदे मातरम्' की धुन बजाई। इसके बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और फिर राष्ट्रगान गाया गया। राष्ट्रगान की प्रस्तुति 1721 फील्ड बैटरी के गनर द्वारा स्वदेशी 105 मिमी लाइट फील्ड गन का उपयोग करते हुए 21 तोपों की सलामी के साथ तालमेल बिठाकर की गई।

CMYK

## सम्पादकीय...

### लाल किले से विकसित भारत का संकल्प



देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए विकसित भारत के निर्माण का अपना संकल्प एक बार फिर सामने रखा। प्रधानमंत्री का जोर केवल उपलब्धियों के उल्लेख तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने आने वाले वर्षों के लिए भारत की दिशा और प्राथमिकताओं का खाका भी प्रस्तुत किया। उनके भाषण में आत्मनिर्भरता, युवा शक्ति, महिला सशक्तीकरण, तकनीकी क्षमता, विनिर्माण, रक्षा उत्पादन, कृषि, आपदा से निपटने की क्षमता और भारत की सांस्कृतिक शक्ति जैसे विषय प्रमुख रहे। इस बार उनके संबोधन में सामाजिक और वैचारिक चुनौतियों को लेकर भी तीखी चिंता दिखाई दी। उन्होंने संसद में पारित महिला आरक्षण कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिलना समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को अपने संबोधन के केंद्र में रखा। उन्होंने कहा कि आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक भारत को विकसित देश बनाना है और देश इस लक्ष्य को हासिल करके रहेगा। उनके अनुसार केवल लक्ष्य तय करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि काम करने की गति और कार्य संस्कृति में भी बदलाव आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन कार्यों को पूरा करने में पिछले पांच से सात दशक लग गए, उन्हें आने वाले पांच से सात वर्षों में पूरा करने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई वस्तुएं सस्ती, आसानी से और तेजी से उपलब्ध हो सकती हैं, लेकिन केवल आयात पर निर्भर रहने से देश की अपनी क्षमता विकसित नहीं होती। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कई देश अपने संसाधनों और आपूर्ति व्यवस्था का इस्तेमाल दूसरे देशों पर दबाव बनाने के लिए कर रहे हैं। पेट्रोलियम, खाद और दवाइयों जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी वैश्विक राजनीति से प्रभावित हो सकती है। ऐसे समय में भारत के लिए आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित और सुरक्षा का विषय भी है। उन्होंने कहा कि अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। उनका संदेश था कि संकटों से घबराने के बजाय देश को अपनी क्षमता बढ़ाकर उनका सामना करना चाहिए। यही आत्मविश्वास विकसित भारत की यात्रा का आधार बनेगा। लाल किले से प्रधानमंत्री का संबोधन मूल रूप से आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और तेज विकास की त्रयी पर केंद्रित दिखाई दिया। उन्होंने देश को बड़े सपने देखने और बड़े संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से 2047 के विकसित भारत की तस्वीर सामने रखते हुए यही संदेश दिया कि आने वाले वर्ष निर्णायक होंगे। अब चुनौती यह है कि आत्मनिर्भरता, तकनीकी विकास, महिला भागीदारी, युवा शक्ति और सामाजिक समरसता से जुड़े इन संकल्पों को धरातल पर कितनी प्रभावी गति मिलती है। **वैभव लोढ़ा...**

## क्रॉस फायर

- ❑ईरान से समझौते को लेकर खड़ी देश राष्ट्रपति ट्रंप से नाराज।
- ◆दुनिया में इनसे खुश कौन है।
- ❑इसराइली प्रधानमंत्री नेता नेतयाह चुनावी सर्वे में पिछड़े।
- ◆चुनाव जीतने के लिए भारत से नेताओं को बुला लो।
- ❑अमित शाह बोले सोनिया जी आपके पाप को जनता माफ नहीं करेगी।
- ◆अपने पाप की भी सोचो।
- ❑तेलंगाना के मुख्यमंत्री का आरोप सरकार गिराने के लिए बीआरएस ने तंत्र-मंत्र कराया।
- ◆इस बार तो खुद के पैसे खर्च किए।
- ❑पूर्व मंत्री चिदंबरम बोले दिमागी नक्सली होने पर उन्हें गर्व।
- ◆जनता तो हालात से नक्सली बन रही है।
- ❑राजस्थान में तैयार होगा पहले पैसेंजर ड्रोन।
- ◆राजस्थान की बल्ले बल्ले।
- ❑प्रदेश भर में पार्षदों की सोमवार को खुलेगी लॉटरी।
- ◆फिर तो लोग सपने लेने लग जाएंगे।
- ❑ सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल बोले मोदी नफरत फैला कर विश्व गुरु बनना चाहते हैं।
- ◆सबका अपना-अपना तरीका।

.............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

### सोमवार 17 अगस्त, 2026

**मेष राशि:** व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारम्भ होगा। बड़े राजनीतिज्ञ लोगों से भेंट होगी। कलात्मक कार्य में रुचि बढ़ेगी। अधिक लोभ, लालच न करें अन्यथा बने काम हाथ से निकल सकते हैं।

**वृषभ राशि:** अपने आप पर विश्वास रखें और नकारात्मक सोच न रखे। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य ही मिलेगी। जीवनसाथी की उन्नति सामाजिक सम्मान को बढ़ाएगी।

**मिथुन राशि:** अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे। आज व्यापारिक मामलों में जवाबदेही बढ़ने वाली है। संतान पर विशेष ध्यान दें। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क राशि:** बातें कम और काम ज्यादा करें। कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में अनुरूप स्थिति बनेगी। वाहन क्रय करने के योग बन रहे हैं। व्यापार विस्तार में आर्थिक सहयोग लेना पड़ेगा।

**सिंह राशि:** अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। संभल जाएं। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें। संतान की चिंता, व्याकुलता बढ़ेगी। आज भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कन्या राशि:** आपके विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी। परिश्रम की तुलना में सफलता कम मिलने से हताश होंगे। किसी के सहयोग से समस्या का समाधान होगा।

**तुला राशि:** आप की मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार में मांगलिक कार्यों की रुपरेखा बनेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्य विस्तार के लिए उचित मार्गदर्शन लेना होगा।

**वृश्चिक राशि:** आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी। संत समागम होगा। दिखावे एवं आडंबरों से बचे।

**धनु राशि:** नौकरी में पदोन्नति एवम् तबादले के योग हैं। परिवार में सहयोग का वातावरण बना रहेगा। लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करें परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि:** अपने परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कुम्भ राशि:** अपने राजनितिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण न होने से मन खिन्न रहेगा। पदोन्नति होने की संभावना है। सामाजिक कार्यों में खर्च होगा।

**मीन राशि:** अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें। कार्यस्थल पर व्यवहारकुशलता से अधिकारियों के संबंध मजबूत होंगे। अनायास धन प्राप्ति की संभावना बन रही है। पारिवारिक वातावरण अनुकूल रहेगा।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# नाग पंचमी : प्रकृति के प्रति सम्मान और सह-अस्तित्व का पर्व



**सुनील कुमार महला**

भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है-नाग पंचमी। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में नाग पंचमी का पावन पर्व 17 अगस्त (सोमवार) को मनाया जाएगा। जानकारों के अनुसार सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 16 अगस्त को दोपहर 4:52 बजे से शुरू होकर 17 अगस्त को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी, और उदया तिथि के कारण यह त्योहार 17 अगस्त को ही मनाया जाएगा। इस दिन नाग की पूजा की जाती है। दरअसल,नागों(सर्पों ) को प्रकृति, शक्ति, सुरक्षा, उर्वरता और पर्यावरणीय संतुलन के प्रतीक माना गया है। इस पर्व का धार्मिक महत्व है। भगवान शिव ने अपने गले में नाग धारण कर रखा है, उनके गले में नाग का विराजमान होना उनके प्रकृति और समस्त जीव-जगत के साथ सामंजस्य का प्रतीक माना जाता है।

भगवान विष्णु की शेषनाग पर शयन मुद्रा भी नागों के धार्मिक महत्व को दर्शाती है। इस दिन नाग देवता की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और कल्याण की कामना की जाती है। जीव-जंतुओं का भारतीय संस्कृति में हमेशा हमेशा से महत्वपूर्ण व अहम् स्थान रहा है और जीव-दया, जीवों के प्रति करूणा, सह-अस्तित्व की भावना हमारे देश की संस्कृति रही है। नाग या सर्प खेतों में चूहों जैसे कृंतकों की संख्या नियंत्रित करके फसलों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए सर्पों को किसान का मित्र कहा जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सर्प विभिन्न जीवों की आबादी को नियंत्रित करके खाद्य-श्रृंखला(फूड चेन) को संतुलित रखते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र और जैव-विविधता को बनाए रखने में सर्पों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि,यह बात अलग है कि सर्प स्वयं भी बाज, उल्लू, नेवला, मोर और अन्य जीवों के भोजन का हिस्सा हैं। इसलिए उनका अस्तित्व खाद्य-जाल की अनेक कड़ियों को प्रभावित करता है। प्रकृति का अपना एक सिस्टम है और इस सिस्टम में हर छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जीव की अपनी भूमिका व महत्व है और सर्प भी उनमें से एक है, लेकिन आज सर्पों को मार दिया जाता है और प्रकृति चक्र को डिस्टर्ब कर दिया जाता है,यह ठीक नहीं है। सरल शब्दों में कहें तो सर्पों से भय के कारण उन्हें मार देना पर्यावरणीय दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता है। यदि हम सर्पों को मारेंगे तो धरती पर चूहों और कृंतकों की संख्या बढ़ सकती है, फसलों पर दबाव बढ़ सकता है, जैसा कि चूहे और अन्य कृतंक बीज, अनाज और पौधों को अधिक नुकसान पहुँचा सकते हैं। सर्प नहीं होंगे तो इससे हमारी खाद्य श्रृंखला प्रभावित हो जाएगी, क्यों कि सर्प मोर, नेवला और अन्य शिकारी पक्षियों का भोजन हैं,जो पर्यावरण और प्रकृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सर्प नहीं होंगे तो हमें चूहों व अन्य कृतंकों से फसलों को बचाने के लिए रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स , दवाओं का इस्तेमाल करना पड़ेगा, जिससे रासायनिक उपायों पर निर्भरता बढ़ सकती है, इसलिए इनको बचाना,इनका संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में हर वर्ष अनुमानतः 58 हजार लोगों की मृत्यु सर्पदंश से होती है, जिससे भारत विश्व में सर्पदंश मृत्यु के सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है; हालांकि उपचार एवं मृत्यु के मामलों की कम रिपोर्टिंग के कारण वास्तविक आंकड़ा अलग हो सकता है, लेकिन बावजूद इसके हमें यह याद रखना चाहिए कि सर्प प्रकृति के महत्वपूर्ण प्रहरी हैं। जैसा कि ऊपर इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि वे चूहों और अन्य कृंतकों की संख्या नियंत्रित कर खेतों तथा खाद्यान्न की रक्षा करने में सहायता करते हैं और खाद्य-श्रृंखला को संतुलित बनाए रखते हैं। सर्प स्वयं भी अनेक पक्षियों और वन्यजीवों के भोजन का हिस्सा हैं, इसलिए उनका संरक्षण जैव-विविधता और पारिस्थितिक संतुलन के लिए आवश्यक है। सर्पों के प्रति भय नहीं, बल्कि सावधानी और सह-अस्तित्व की भावना विकसित करना प्रकृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नाग पंचमी का पर्व हमें नाग जैसे महत्वपूर्ण जीव का संरक्षण कख संदेश देता है। संक्षेप में कहें तो आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण और करुणा को जोड़ना ही नाग पंचमी का वास्तविक व असली संदेश है।

# नशे में गाड़ी चलाई तो जेल, हवाई जहाज़ उड़ाया तो सिर्फ़ निलंबन



**के. विश्वदेव राव**

भारतीय सड़कों पर शराब या नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर को तुरंत गिरफ्तारी, आपराधिक चार्जशीट और जेल की हवा खानी पड़ती है। लेकिन, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों पर गौर करें तो भारत में आज तक एक भी व्यावसायिक पायलट को नशे में फ्लाइट उड़ाने के प्रयास के लिए आपराधिक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया है। इससे तो यही निष्कर्ष निकालता हैं, आसमान में नशा करना कानूनी अपराध नहीं अपितु एक प्रशासनिक गलती है। शायद यही कारण है कि आज तक किसी पायलट को आपने कटघरे में नहीं देखा है।

भारतीय विमानन कानून के एक मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने हवाई सुरक्षा के मानकों पर बेहद सख्त रुख अपनाया था। जुलाई 2024 में, ब्रेथ-एनालाइज़र टेस्ट में फेल होने पर एक पायलट के लाइसेंस निलंबन को बरकरार रखते हुए, हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि सुरक्षित उड़ान के लिए शरीर में अल्कोहल का स्तर 'शून्य' होना चाहिए, जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के सुरक्षा सिद्धांतों के भी अनुकूल है। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की थी: 'यात्रियों की सुरक्षा से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता, और लापरवाह पायलट के प्रति कोई भी ढिलाई उनकी जान को खतरे में डालने जैसी होगी। कागजों पर अदालत का यह निर्देश बिल्कुल साफ है: कॉकपिट में शराब या किसी भी नशीले पदार्थ की एक बूंद भी सुरक्षा से खिलवाड़ और अक्षम्य अपराध है। फिर भी, अदालती आदेशों और जमीनी हकीकत के बीच एक बड़ी खाई साफ नजर आती है। प्रशासनिक ढिलाई की यह तस्वीर एक और संवेदनशील क्षेत्र, भारतीय रेलवे में भी देखने को मिलती है।

दिसंबर 2023 में रेल मंत्रालय ने राज्यसभा में जानकारी दी थी कि पिछले 5 वर्षों में कराए गए करीब 8.28 करोड़ ब्रेथ-एनालाइज़र टेस्टों में से 1,761 लोको पायलट ड्यूटी जॉइन करते या खत्म करते वक्त टेस्ट में फेल पाए गए। इसके बावजूद, सिर्फ टेस्ट में फेल होने के आधार पर किसी को आपराधिक सजा मिलने के मामले न के बराबर हैं। जब कोई ट्रेन ड्राइवर अनिवार्य ब्रेथ-एनालाइज़र टेस्ट में फेल होता है, तो भारतीय रेल, रेलवे कर्मचारी (अनुशासन और अपील) नियम, 1968 के तहत सिर्फ आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई करती है। हर मामले में आपराधिक मुकदमा चलाने के बजाय ड्राइवर को ड्यूटी से हटा दिया जाता है, सस्पेंड किया जाता है, विभागीय जांच बैठाई जाती है और अक्सर नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। रेलवे अधिनियम, 1989 के तहत आपराधिक धाराएं, विशेषकर ड्यूटी पर नशे के लिए धारा 172 और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में डालने के लिए धारा 175, तभी लगाई जाती हैं जब नशे या लापरवाही के चलते कोई बड़ा हादसा हो जाए; जैसे ट्रेनों की टक्कर, पटरी से उतरना, या सिग्नल ओवरशूट जैसी घटना। ऐसे मामलों में स्थानीय पुलिस या रेलवे अधिकारी भारतीय न्याय संहिता (ब्हृस) की धाराओं के साथ आपराधिक अदालत में चार्जशीट पेश करते हैं। विमानन क्षेत्र की जवाबदेही प्रणाली में ढांचागत खामियां रेलवे एक कदम आगे हैं। इस नियामक खामी की गंभीरता को समझने के लिए विमानन क्षेत्र में होने वाले खतरों के भयावह पैमाने को देखना होगा।

निजी गाड़ी चलाने वाला एक शराबी ड्राइवर कुछ यात्रियों या राहगीरों की जान जोखिम में डालता है। इसके उलट, ए320 (320) या बोइंग 777 (क्र77) जैसे विमान की कमान संभालने वाला पायलट 180 से लेकर 350 से अधिक यात्रियों की जिंदगी सीधे अपने हाथ में रखता है। 30,000 फीट की ऊंचाई पर शरीर का सुस्त पड़ना, भ्रम की स्थिति बनना या सोचने-समझने में थोड़ी भी देरी किसी सुधार का मौका नहीं देती। नशे की हालत में हुई एक चूक सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जनसंहार का कारण बनती है। हाल ही में गुजरात में हुए एयर इंडिया हादसे में हम यह तबाही देख चुके हैं। रक्षा के इतने बड़े जोखिम के बावजूद भारतीय कानून व्यवस्था नशेड़ी वाहन चालक पर तो कहर ढाती है, लेकिन मदांध पायलट पर मेहरबान रहती है।

जब कोई ड्राइवर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत नशे में पकड़ा जाता है या BNS, 2023 के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाता है, तो कानून की पूरी ताकत उस पर आजमाई जाती है। पुलिस तुरंत एफआईआर दर्ज करती है, गाड़ी जब्त करती है और उसे महीनों से लेकर (गंभीर मामलों में) आजीवन कारावास तक की सजा दिलाने के लिए केस लड़ती है। दूसरी ओर, जब कोई कमर्शियल पायलट उड़ान से पहले ब्रेथ-एनालाइज़र टेस्ट में फेल होता है या नशीले पदार्थों के सेवन का दोषी पाया जाता है, तो मामले को महज एक 'प्रशासनिक विषय' मानकर निपटा दिया जाता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (छ्रष्ट) अपने नियमों के तहत चरणबद्ध निलंबन लागू करता है: पहली बार पकड़े जाने पर 3 महीने के लिए उड़ान पर रोक (ग्राउंडिंग), दूसरी बार में 3 साल का बैन और तीसरी बार में लाइसेंस रद्द। गौर करने वाली बात यह है कि आरोपी पायलट प्रशासनिक स्तर पर ग्राउंड रहता है, काउंसलिंग या सस्पेंशन की अवधि पूरी करता है और सजा खत्म होते ही दोबारा कॉकपिट में वापस लौट आता है।

पिछले एक दशक में दर्जनों पायलटों के टेस्ट में फेल होने के बावजूद सार्वजनिक रिकॉर्ड बताते हैं कि नशे में प्लेन उड़ाने की कोशिश के लिए किसी भी पायलट को आपराधिक सजा नहीं हुई है। इस व्यवस्था में खामियां और भी हैं, भारतीय न्याय संहिता, 2023 में नशे की हालत में कमर्शियल प्लेन उड़ाने या उड़ाने की कोशिश करने को अपराध घोषित करने वाली कोई अलग से सख्त धारा नहीं बनी है। दूसरी समस्या है, एयरलाइंस कंपनी अपनी साख बचाने और कानूनी मुकदमों से बचने के लिए ऐसे मामलों को कंपनी का आंतरिक मामला मानकर दबा देती हैं। बाहरी न्यायिक हस्तक्षेप न होने के कारण एयरलाइंस आरोपी क्रू मेंबर्स की शिकायत पुलिस में दर्ज कराने से बचती हैं। मौजूदा व्यवस्था में ज़मीन पर पकड़े गए पायलट के कृत्य को 'सैकड़ों लोगों की जान खतरे में डालने की आपराधिक कोशिश' मानने के बजाय सिर्फ एक 'सफल नियामक बचाव' मान लिया जाता है। चूंकि हादसे को उड़ने से पहले टाल दिया गया, इसलिए आपराधिक न्याय प्रणाली पूरे मामले से पल्ला झाड़ लेती है और सब कुछ डीश्जीश्सीश्ए्श के विवेक पर छोड़ दिया जाता है। जब तक हमारा आपराधिक कानून कॉकपिट में बैठे शराबी पायलट से भी वही सख्ती नहीं बरतेगा जो सड़क पर शराबी ड्राइवर या रेल पटरी पर लोको पायलट से बरती जाती है, तब तक 'जीरो टॉलरेंस' का सिद्धांत सिर्फ कागजी बातें और प्रशासनिक निलंबन बनकर रह जाएगा, कोई ठोस कानूनी खौफ पैदा नहीं होगा।

# रील से दोस्ती और जी का जंजाल



**बाल मुकुन्द ओझा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिनरात मोबाइल की स्क्रीन से चिपके रहकर रील बनाने वाले युवाओं को राष्ट्रनायकों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा जमाना बेशक रील्स का है शॉर्टकट का है, रील्स देखना और बनाना कोई बुरी बात यहीं है मगर वक्त का ध्यान रखना जरुरी है। मोदी ने कहा सिर्फ युवा ही नहीं, हर उम्र के लोग आजकल दिन भर मोबाइल की स्क्रीन से चिपके रहते हैं। रील्स देखने में घंटों बिता देते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल का एडिक्शन हो गया है, इसकी वजह से बच्चों का मानसिक विकास रुक रहा है, तमाम तरह की बीमारियां फैल रही हैं। लोगों में पढ़ने की आदत खत्म हो रही है। आज घर घर में बच्चे और युवा धड़ल्ले से मोबाइल पर स्क्रीनिंग कर रहे है। उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है की यह उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई के लिए कितना खतरनाक है। मीडिया में छोटे और किशोर आयु के बच्चों को मोबाइल लत के खतरे से लगातार आगाह किया जा रहा है। अनेक बच्चे इसके दुष्परिणामों के शिकार होकर अस्पतालों में अवसाद का इलाज़ करा रहे है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म सेंसर टावर की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अपने देश में गत वर्ष मोबाइल पर 1.12 ट्रिलियन घंटे स्क्रीनिंग की गई जो दुनियाभर में सर्वाधिक आंकी गई है। इससे पता चलता है 18 वर्ष की आयु सीमा के 40 करोड़ बच्चे में से हर तीसरा बच्चा मोबाइल अवसाद का शिकार है, जिनकी संख्या 13 करोड़ से अधिक बताई जा रही है। इसी भांति एक अन्य नई रिसर्च के मुताबिक मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप जैसे गैजेट्स न केवल बच्चों के स्वास्थ्य अपितु उनके शैक्षिक जीवन के लिए भी खतरा बन रहे है। टेक्नोलॉजी के इस दौर में बच्चे मोबाइल फोन, टैबलेट से ही अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। खासकर कोविड में ऑनलाइन पढ़ाई के बाद उनके बीच स्क्रीन टाइम बहुत बढ़ा है। पांच हजार से ज्यादा कनाडाई बच्चों पर साल 2008 से 2023 तक चली एक रिसर्च बताती हैं कि बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में बेसिक मैथ्स और पढ़ने की समझ ठीक से विकसित नहीं हो पा रही है। यहां तक कि स्क्रीन टाइम की वजह से बच्चों के मार्क्स में 10 फीसदी तक कमी आई है। एक अन्य रिपोर्ट में यह सामने आया है कि 73 प्रतिशत स्कूली बच्चे अश्लील सामग्री देखते हैं। वहीं, 80 प्रतिशत बच्चे रोज़ाना सोशल मीडिया पर कम से कम 2 घंटे बिताते हैं। इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई, सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर पड़ रहा है। मोबाइल आपका दोस्त है या दुश्मन। बिना विलंब किए इस पर गहनता से मंथन की जरुरत है। आजकल मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों को इंटरनेट एडिक्शन की तरफ ले जा रहा है। एक स्टडी रिपोर्ट में एक बार फिर मोबाइल के खतरे से सावचेत किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है पैरेंट्स बिना सोचे-समझे सिर्फ दो-ढाई साल के बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देते हैं। इसके बाद बिना मोबाइल यूज किए बच्चा खाना तक नहीं खाता है। हालांकि इंफॉर्मेशन, टेक्नॉलोजी और एआई के दौर में मोबाइल का इस्तेमाल जरूरी है। लेकिन छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल देने की क्या जरूरत है अगर आप भी मोबाइल एडिक्शन को सीरियसली नहीं ले रहे हैं, तो आपको बता दें कि सेलफोन आपके बच्चों का सबसे बड़ा दुश्मन बन रहा है। कच्ची उम्र में बच्चों को डिजिटल डिमेंशिया जैसी घातक बीमारी हो सकती है। टाइम ज्यादा होने का सबसे पहला असर बच्चों की आंखों की रोशनी पर पड़ रहा है। स्क्रीन को नजदीक और एकटक देखने से आंखें ड्राई होने लगती हैं यही हालात रहने पर आंखों की रोशनी कम होने लगती है। मोबाइल बच्चों का दोस्त है या दुश्मन। बिना विलंब किए अभिभावकों को इस पर गहनता से मंथन की जरुरत है। जब से इंटरनेट हमारे जीवन में आया है तबसे बच्चे से बुजुर्ग तक आभासी दुनियां में खो गए है। हम यहाँ बचपन की बात करना चाहते है। देखा जाता है पांच साल का बच्चा भी आँख खोलते ही मोबाइल पर लपकता है। पहले बड़े इसे अपने काम के लिए करते थे। अब बच्चे भी इंटरनेट के शौकीन होते जा रहे हैं। बाजार ने उनके लिए भी इंटरनेट पर इतना कुछ दे दिया है कि वह पढ़ने के अलावा बहुत कुछ इंटरनेट पर करते रहे हैं। पेरेंट्स को बच्चों की ऐसी गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और समय रहते उनकी ऐसी आदत को पॉजेटिव तरीके से दूर करना चाहिए।

# 'दिमागी नक्सली', नई बहस और हंगामे का आगाज



**ऋतुपर्ण दवे**

लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 80वें स्वाधीनता दिवस पर उद्बोधन के दौरान विरोधियों पर कसा गया तंज अब नई और राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री की दिमागी नक्सलवाद कह कर की गई टिप्पणी ने नया सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री ने किसे या किन्हें 'दिमागी नक्सली' कहा, क्या विपक्ष और आंदोलनकारी छात्रों को या सरकार पर उंगली उठाने वाले हरेक को या फिर संसद न चलने देने वाले विपक्ष को निश्चित रूप से इस टिप्पणी पर अभी आगे काफी कुछ सियासत होनी तय है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हथियार उठाने वाले नक्सलियों से तो निपट लिया गया, लेकिन अब देश को 'दिमागी नक्सलियों' से सतर्क रहने और उन्हें अलग-थलग करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद और माओवादी हिंसा ने दशकों तक देश के बड़े हिस्से को प्रभावित किया जिसमें हजारों लोगों की जान गई। उनका इशारा था कि अब इस चुनौती के एक दूसरे स्वरूप यानी दिमागी नक्सलवाद से निपटना जरूरी हो गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी टिप्पणी में दिमागी नक्सली की कोई स्पष्ट या औपचारिक परिभाषा तो दी नहीं और न ही कोई कानूनी परिभाषा बताई। भले ही उनकी टिप्पणी इशारों में रही, लेकिन राजनीतिक और वैचारिक संदर्भ में इसके मायने बहुत गहरे हैं। जंतर-मंतर पर हाल ही में जिस तरह कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले छात्र आंदोलन हुआ जो देखते-देखते देश का एक बड़ा और अप्रत्याशित आन्दोलन बन खड़ा हुआ। अब उसके फैलते जाने का अंदेशा भी दिखाई दे रहा है। कहीं उसी पर तो यह टिप्पणी नहीं की या फिर हाल ही में संसद में लगातार गतिरोध बने रहने और नेता विपक्ष राहुल गांधी के तमाम मंचों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती देने की खीझ पर तो निशाना नहीं लगया सच यह है कि हाल के दिनों में जेन-जी के जंतर-मंतर पर आन्दोलन के बाद 12 वर्षों में पहली बार मोदी सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेना पड़ा। उससे भी गंभीर और बड़ी बात यह कि इस मुद्दे को विपक्ष खासकर राहुल गाँधी ने लपक लिया और संसद से सड़क तक प्रभावशाली तरीके से उठाया। निश्चित रूप से जेन-जी आन्दोलन के चलते महज युवा ही नहीं बल्कि उनके अभिभावक भी नाराज दिखे। इससे पहली बार लगा कि मोदी सरकार परेशान है। देखते ही देखते छात्रों की पिटाई, बिना वर्दी के पुलिस वालों की मौजूदगी, पैलेट गन और कील लगी लाठियों के उपयोग को राहुल ने राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया। कहीं दिमागी नक्सली कहकर उनका इशारा इसी पर तो नहीं था क्या प्रधानमंत्री ने दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल करके देश को सुरक्षा, वैचारिक स्थिरता और सामाजिक एकता से जुड़ाव रखने का साफ और कड़ा संदेश तो देने की कोशिश तो नहीं की अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को हिंसा और अराजकता से दूर रहना होगा और विकास तथा रचनात्मक कार्यो में सहयोग देना होगा। जाहिर है प्रधानमंत्री दिमागी नक्सलवाद के जरिए विरोधियों को लताड़ तो लगा रहे थे। साथ ही रूठे या उनसे नाराज जेन-जी को भी संदेश दे रहे थे कि वो रचनात्मक कार्यों में सहयोग करें। जंगली नक्सली खत्म हो गए हैं लेकिन जो दिमागी नक्सली सिर उठा रहे हैं, उन्हें पहचानने की बात किसके लिए कह गए उन्होंने आगे जो कहा वह और भी खास है जिसमें जंगल नक्सलियों की जगह अब शहरों, शिक्षण संस्थानों और बौद्धिक मंचों पर सक्रिय 'दिमागी नक्सल' के लेने की बात कह, सरकार का विरोध करने वालों को तिलमिला दिया। उन्होंने इनसे सावधान रहने का आगाह भी किया। हथियारबंद नक्सल तो गए, लेकिन दिमागी नक्सल मौके की तलाश में हैं जिन्हें पहचानना होगा। उन्होंने साफ किया कि यह वर्ग सीधे हथियार नहीं उठाता, बल्कि अपनी विचारधारा से देश में भ्रम और अराजकता फैलाने की फिराक में रहता है। पहले भी अर्बन नक्सली कहे जाने पर हंगामा हुआ था जिस पर संसद में बताया गया कि संसद में 'अर्बन नक्सल' शब्द की कोई औपचारिक कानूनी परिभाषा नहीं है। सरकार ने संसद में स्पष्ट किया है कि कानून के तहत इस शब्दावली को परिभाषित नहीं किया गया। हाँ, राजनीतिक बयानों और बहसों में इसका उपयोग अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा और वैचारिक विरोध के संदर्भ में किया जाता है। आगे क्या दिमागी नक्सल पर भी यही होगा। काँग्रेस ने दिमागी नक्सलवाद पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को उनकी घबराहट बताया तो प्रधानमंत्री मोदी के 'दिमागी नक्सल' बयान पर कॉकरोच जनता पार्टी की प्रतिक्रिया ने इस मुद्दे को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

# राजस्थान में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस, तिरंगे की शान में डूबा प्रदेश

## जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोहों में मंत्रिपरिषद के सदस्यों, संभागीय आयुक्तों और जिला कलक्टरों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोहों में मंत्रिपरिषद के सदस्यों, संभागीय आयुक्तों और जिला कलक्टरों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद पुलिस एवं विभिन्न टुकड़ियों ने अनुशासित मार्च पास्ट किया। समारोहों का आगाज राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुआ। इसके बाद राष्ट्रगान, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले लोगों के सम्मान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान वीरांगनाओं, सरकारी कार्मिकों, विद्यार्थियों और समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया।

जोधपुर में जिला स्तरीय मुख्य समारोह श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम में आयोजित हुआ। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने ध्वजारोहण किया और परेड निरीक्षण के बाद मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने का दिन है।

सवाई माधोपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास तथा आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समारोह में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कोटा के महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में आयोजित समारोह में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

टोंक में जलदाय एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया। आरएसी एवं राजस्थान पुलिस बैंड ने वंदे मातरम् और राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत की।

पाली में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने राजकीय श्री बांगड़ स्टेडियम में तिरंगा फहराया और परेड का निरीक्षण किया। वहीं सीकर के जिला खेल स्टेडियम में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

नागौर में महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस एवं विभिन्न टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

बूंदी में ऊर्जा राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली गोविंदपुर बावड़ी की होनहार बेटी एवं अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी को सम्मानित किया गया। उनकी उपलब्धि को जिले और प्रदेश के लिए गौरव बताया गया।

सिरोही में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। प्रतापगढ़ में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हॉकी मैदान में आयोजित समारोह में तिरंगा फहराया।

उदयपुर के गांधी ग्राउंड में जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने ध्वजारोहण किया।

डूंगरपुर में जिला कलक्टर देशलदान ने लक्ष्मण मैदान में तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। बांसवाड़ा के कुशलबाग मैदान में जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने ध्वजारोहण किया।

जालोर स्टेडियम में मुख्य सचेतक ने ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया। बाड़मेर में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने ध्वजारोहण किया। फलौदी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के मुख्य आतिथ्य में मेजर शैतान सिंह स्टेडियम में समारोह आयोजित हुआ।

ब्यावर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने समारोह को संबोधित करते हुए जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित हुआ।

हनुमानगढ़ में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया।

श्रीगंगानगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने ध्वजारोहण किया।

धौलपुर के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

झालावाड़ के विजया राजे सिंधिया राजकीय खेल संकुल में जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने तिरंगा फहराया।

बांसवाड़ा, बारां, करौली और कोटपूतली-बहरोड़ सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुए। विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड और सम्मान समारोहों ने आयोजन को यादगार बना दिया। पूरे प्रदेश में आयोजित समारोहों में तिरंगे की शान, देशभक्ति के नारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय गौरव एवं उत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

### पीएम श्री राउमावि जमवारामगढ़ में मनाया उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमवारामगढ़ में उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह शनिवार को धूमधाम और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक महेंद्र पाल मीना द्वारा ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में करीब 36 लाख रुपए की लागत से हुए विकास कार्य प्रयोगशाला और दो कक्षा-कक्ष सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। विद्यालय में डोम की मांग पर विधायक ने डोम निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का सपना है कि वर्ष 2028 तक रामगढ़ बांध में पानी पहुंचे। सरकार इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है और काम प्रगति पर है। बांध में पानी आने के बाद क्षेत्र में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और पर्यटन को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही लोगों को बांध में पानी नजर आएगा। **40 करोड़ से बनेगा उपजिला अस्पताल**- विधायक ने बताया कि जमवारामगढ़ में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से नए उपजिला अस्पताल का निर्माण प्रस्तावित है। जल्द ही इसकी नींव रखी जाएगी। वहीं वर्तमान उपजिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में महिला एवं शिशु यूनिट विकसित की जाएगी। 100 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।



## खैरथल-तिजारा जिले में 329.63 करोड़ की लागत के 59 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### रोजगार उत्सव में 163 नवनियुक्त कार्मिकों को मिले नियुक्ति पत्र

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** विजय नगर ग्राउंड, अलवर में आयोजित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का जिला मुख्यालय पर लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर ?6,453 करोड़ की लागत के 954 विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण, 67 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के ?667 करोड़ की डीबीटी, प्रधानमंत्री फसल बीमा



योजना के अंतर्गत 152 करोड़ की डीबीटी तथा 10,548 अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। खैरथल-तिजारा जिले के 329.63 करोड रुपए की लागत के 59 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन 16 अगस्त को जिला सचिवालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य आमंत्रित अतिथियों ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के उद्बोधन एवं कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस अवसर पर आयोजित रोजगार मेला उत्सव के तहत जिले के नव नियुक्त 163 कार्मिकों को जॉइनिंग लेटर एवं वेलकम किट प्रदान किए गए। जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने नव नियुक्त कार्मिकों को बधाई देते हुए उन्हें पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ जनसेवा करने के लिए प्रेरित किया।

### जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जल संसाधन एवं प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण

## युवा विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प में भागीदार बने :सुरेश सिंह रावत

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिलेभर में 80वां स्वाधीनता दिवस समारोह शनिवार को हर्षोगास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। केन्द्रीय विद्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय भव्य समारोह में जल संसाधन एवं प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने झंडारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। स्वाधीनता दिवस की परेड में 7 आरएसी के परेड कम्पनी कमाण्डर राजीव सिंह के नेतृत्व में राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान पुलिस, महिला पुलिस, एनसीसी, होमगार्ड, भारत स्काउट व गाईड के स्यंवसेवकों की टुकडियों एवं पुलिस बैंड ने भाग लिया। समारोह में रा%यपाल के संदेश का पठन अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन राजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रावत ने शहीद वीरांगनाओं को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। जिले में राजकीय कार्यों का पूर्ण निष्ठा, कर्मठता से सम्पादन किये जाने के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 59 अधिकारी-कार्मिकों एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गायन, राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीत और आकर्षक सामूहिक व्यायाम के प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। सोनी एकेडमी के विद्यार्थियों ने आजादी के जश्न में सराबौर नृत्य मां तुझे सलाम गीत पर देशभक्ति पूर्ण प्रस्तुति दी। अग्रसेन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रतीकों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. प्रीति चंद्रा, जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा, बीडीए आयुक्त कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, डीएफ्ओ बीवी चेतन कुमार, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, पूर्व सांसद पंडित रामकिशन शर्मा, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा सहित अधिकारी एवं विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रावत ने कहा कि भारत को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराने के लिए जिन महापुरूषों ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया, देश के लिए मर मिटने वाले सभी शहीदों को हम कोटि-कोटि प्रणाम करते हैं।



### बारैठा बांध का एक गेट 2 फीट खोला, कैचमेंट एरिया में हुई मूसलाधार बारिश से पानी की आवक हुई तेज

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना उपखंड क्षेत्र में आने वाले भरतपुर जिले के सबसे बड़े बांध बारैठा में पानी की तेज आवक को देखते हुए शनिवार रात पानी की निकासी शुरू कर दी गई। बांध का एक गेट दो फीट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। रात करीब 9 बजे विधायक डॉ. ऋतु बनावत बारैठा बांध पहुंचीं और मौके पर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में उन्होंने स्वयं बांध का गेट खोलकर पानी की निकासी शुरू कराई। विधायक ने ग्रामीणों से प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करने और नदी के बहाव क्षेत्र से दूर रहने की अपील की। उन्होंने अच्छी बारिश के लिए प्रकृति का धन्यवाद दिया। शनिवार शाम बांध के कैचमेंट एरिया में हुई मूसलाधार बारिश के बाद बांध में पानी की आवक तेज हो गई थी। बांध का गेज 27.50 फीट के पार पहुंच गया है, जबकि इसकी भराव क्षमता 29 फीट है। पानी की निकासी शुरू होने के बाद प्रशासन ने कुकुन्द नदी के किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी किया है। ग्रामीणों से नदी के बहाव क्षेत्र से दूर रहने तथा अपने कीमती सामान और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की अपील की गई है। गेट खुलने से कुकंद नदी के बहाव क्षेत्र में आने वाले करीब एक दर्जन गांव प्रभावित हो सकते हैं। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने आमजन से सतर्कता बरतने और नदी-नालों के आसपास नहीं जाने की अपील की है। बयाना जल संसाधन विभाग के एईएन दशरथ गुर्जर ने बताया कि बांध में पानी की आवक और जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन और जल संसाधन विभाग की टीमें जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। बांध से 502 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रक्षाबंधन का उपहार, आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'सक्षम नारी, स्वस्थ बचपन, समृद्ध राजस्थान' राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

उन्होंने आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की तथा रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और साथिनों के खातों में 1,100 रुपये प्रति लाभार्थी, कुल 14.65 करोड़ रुपये डीबीटी किए।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत 74 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की। इनमें यूनिफॉर्म, डाटा प्लान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना और लाडो प्रोत्साहन योजना की राशि शामिल है।उन्होंने बताया कि प्रदेश के 62,120






आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से करीब 35 लाख लाभार्थियों को पूरक पोषण एवं अन्य सेवाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने 27 आकांक्षी ब्लॉक्स में किशोरी बालिका योजना का शुभारंभ किया तथा मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को ऋण चेक सौंपे।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर बेटी को अवसर, आत्मनिर्भरता और प्रत्येक बच्चे को बेहतर पोषण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और साथिनें मौजूद रहीं।

## एक नजर

### नेहरू सहकार भवन में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नेहरू सहकार भवन में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया गया। प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा ने ध्वजारोहण कर शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों-कर्मचारियों ने देशभक्ति गीत-कविताएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में मिष्ठान्न वितरित किया गया।

### फुटवियर क्लस्टर के प्रशिक्षणार्थियों को किये टूल किट वितरित, स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा एकीकृत क्लस्टर विकास योजना के तहत शनिवार को जिला मुख्यालय पर वार्ड 53 स्थित रेगर बस्ती के बाबा रामदेव मंदिर में फुटवियर क्लस्टर के प्रशिक्षणार्थियों को टूल किट व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि युवाओं में कौशल विकास हो तथा परंपरागत उद्योग-धंधों का आधुनिकीकरण और नवीनीकरण हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राठौड़ ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने हुनर को नए अवसरों और नए सवेरे से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से कारीगरों की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा स्थानीय उद्योगों को नई पहचान मिलेगी।



### न्यायालय परिसर में मनाया स्वाधीनता दिवस

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस के पावन राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर डीग न्यायालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमराज गौड़ ने विधिवत रूप से ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपस्थित न्यायिक अधिकारियों अधिवक्ताओं एवं न्यायालय स्टाफने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर देश की एकता अखंडता और संप्रभुता को नमन किया। ध्वजारोहण के उपरांत जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमराज गौड़ ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए संविधान के मूल्यों न्याय व्यवस्था की सुदृढ़ता तथा आमजन को सुलभ व त्वरित न्याय दिलाने के प्रति निष्ठावान रहने का संदेश दिया। समारोह में रामकिशन शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरोज मीणा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नमो नारायण मीणा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेनू सकीत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुसुम मीणा प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी भाविका कुलहरी सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सुबोध पाराशर अध्यक्ष बार एसोसिएशन आदि उपस्थित रहे।



### 111 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर रोड रोलर से कुचले

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण और अवैध मॉडिफि केशन साइलेंसर पर लगाम लगाने के लिए भरतपुर यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने बुलेट और अन्य बाइकों में लगे 111 अवैध व मॉडिफाइड साइलेंसरो को जब्त कर उन्हें सार्वजनिक रूप से रोड रोलर चलाकर नष्ट कर दिया गया। यातायात सीओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज और पटाखे जैसी आवाज से आम जनता बुजुर्गों और ब%चों को भारी परेशानी हो रही थी। यह मोटर व्हीकल एक्ट का उगंघन भी है क्योंकि निर्धारित सीमा से अधिक शोर करने वाले उपकरण लगाना कानूनन अपराध है। भरतपुर पुलिस ने चार बार अभियान चलाकर ऐसे मोडिफ इड साइलेंसरो को नष्ट किया गया है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों में कानून का डर पैदा करना और भविष्य में इस प्रकार का बदलाव करने से रोकना है। भरतपुर को अवैध मॉडिफ इड साइलेंसर मुक्त करना है। यातायात पुलिस ने चेतावनी दी है कि आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



### रक्षाबंधन से पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं साथिनों के सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए डीबीटी से खातों में पहुंची 1000 रुपये की राशि

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं साथिनों के सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं एवं साथिनों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 1000 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के समानांतर जिला डीग में किशनलाल जोशी राजकीय उ%च माध्यमिक विद्यालयए डीग में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीग एवं कुम्हेर ब्लॉक की कुल 340 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं साथिनों ने सहभागिता की। उन्होंने राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।



### निःशुल्क एडवांस फिजियोथैरेपी एवं स्पाइनल रोबोटिक डीकंप्रेशन शिविर कल

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा मुखर्जी मंडल के सौजन्य से डॉ एच.एन. शर्मा कैंपस नियर सिटी कोतवाली में 18 अगस्त को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक नि:शुल्क फि जियोथैरेपी एवं स्पाइनल रोबोट दी कंप्रेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। डॉ वीएन शर्मा ने बताया कि इस शिविर में नर्वोस्कोप द्वारा रीड की हड्डियों की दबी हुई नसों की जांच नि:शुल्क की जाएगी एवं वह जो रीड की हड्डी के रोग जैसे साइटिका स्लिप डिस्क वल्ग सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस आदि से ग्रसित है उनका इलाज एडवांस फि जियोथैरेपी एवं स्पाइनल रोबोटिक दी कंप्रेशन मशीन द्वारा किया जाएगा तथा वह रोगी जिनका अंग प्रत्यारोपण के बाद या प्लास्टर के बाद जोड़ों की गति नहीं आ रही हो उनका इलाज ऐंकिल सीपीएम एवं नी सीपीएम, एल्वो सीपीएम द्वारा किया जाएगा।

# निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर घबराई सरकार, कलेक्टर-एसपी पर भाजपा को जिताने का डाल रही दबावः अशोक गहलोत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आगामी स्थानीय निकाय एवं पंचायत चुनावों को लेकर गंभीर घबराहट में काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी संभावित हार से डरकर प्रशासनिक तंत्र और जिला कलेक्टरों-एसपी पर भाजपा के पक्ष में काम करने का अनुचित दबाव बना रही है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में चरमराती कानून-व्यवस्था, मंत्रियों के धरने, लोहावट हत्याकांड और आम जनता की समस्याओं के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता पर तीखा प्रहार किया। गहलोत ने रविवार को अपने निवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश में स्थिति इस कदर हास्यास्पद और चिंताजनक हो चुकी है कि भाजपा सरकार के अपने मंत्री तक को जिला कलेक्टर और कमिश्नर के खिलाफ छह घंटे धरने पर बैठना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक इतिहास में ऐसा दृश्य न कभी पहले देखा गया और न ही सुना गया। **निकाय-पंचायत चुनाव से घबराई सरकार, अफसरों पर बना रही दबाव** स्थानीय चुनावों के संदर्भ में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा: 'सबसे बड़ी दुखद बात यह है कि सरकार स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों से पूरी तरह घबराई हुई है। इनकी चुनाव कराने की मंशा ही नहीं थी। हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश को जब यह कहना पड़ा कि अगर सरकार चुनाव नहीं कराएगी तो हम कराएंगे, तब जाकर विवश होकर ये चुनाव कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पांच-पांच, सात-सात के समूहों में कलेक्टरों और एसपी को बुलाकर भाजपा को जिताने की जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। यदि मैं इतना बड़ा आरोप लगा रहा हूं, तो पूरी जिम्मेदारी और पुख्ता फीडबैक के आधार पर ही कह रहा हूं।'

**लोहावट ब्लाइंड मर्डर: 16 दिन बाद भी आरोपी गिरफ्त से बाहर**

लोहावट में हुए ब्लाइंड मर्डर केस पर बोलते हुए गहलोत ने कहा: 'हत्याकांड के 16 दिन बीत जाने के बाद भी अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं, जबकि प्रशासन ने पांच दिन में आरोपियों को पकड़ने का लिखित वादा किया था। जानकारी मिल रही है कि पुलिस को सुराग मिलने के बावजूद राजनीतिक दबाव के चलते खुलासा नहीं किया जा रहा है। यदि किसी रसूखदार या नेताओं के रिश्तेदार का नाम छुपाने के लिए ऐसा किया जा रहा है, तो यह लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री और डीजीपी को इस पूरे मामले पर जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।' **'वंदे मातरम् पर भाजपा-त्र्स्स को बोलने का अधिकार नहीं** राष्ट्रभक्ति के मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा: 'वंदे मातरम् पर कुछ भी बोलने का आरएसएस और भाजपा को कोई नैतिक अधिकार नहीं है। देश की आजादी की लड़ाई में इनका कोई योगदान नहीं रहा है।

आजादी से पहले इन्होंने अंग्रेजों के डर से कभी 'वंदे मातरम्' तक नहीं गाया। जो 'वंदे मातरम्' देशवासियों को एकजुट करने और स्वतंत्रता संग्राम का सबसे बड़ा प्रेरणास्रोत रहा है, आज भाजपा उसी पावन गीत का इस्तेमाल समाज और देश को बांटने व तोड़ने के लिए कर रही है।' भूख हड़ताल करने वालों से अपील: भूखे मत रहो, सरकार असंवेदनशील है विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत युवाओं और नागरिकों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा: 'यह प्रदेश सरकार आंदोलनकारियों और भूख हड़ताल पर बैठे लोगों की रत्ती भर परवाह नहीं करती। मैं सभी आंदोलनकारियों से अपील करता हूं कि वे भूखे रहकर अपनी सेहत खराब न करें, बल्कि धरना और अन्य लोकतांत्रिक तरीके अपनाकर अपनी आवाज उठाएं। लोकतंत्र में सरकार का बुनियादी दायित्व संवाद करना और समाधान निकालना होता है, लेकिन वर्तमान सरकार पूरी तरह संवेदनहीन बनी हुई है।'

## वन मंत्री संजय शर्मा का गहलोत पर पलटवार

- *प्रदेश में अभूतपूर्व विकास को लेकर अशोक गहलोत हो रहे विचलित*
- *2012 की भर्ती में हक नहीं देने वाले गहलोत अब घड़ियाली आंसू न बहाएं*
- *कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई का खामियाजा राजस्थान ने भुगता*
- *मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता से सफाईकर्मियों को मिली नियुक्ति*

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा सफाईकर्मियों की नियुक्ति को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस सफाई भर्ती को लेकर गहलोत सवाल उठा रहे हैं, वह वर्ष 2012 की भर्ती है और उस समय अशोक गहलोत राजस्थान के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में हाईकोर्ट द्वारा सफाईकर्मियों के पक्ष में निर्णय दिए जाने के बावजूद 2023 तक उन्हें उनका हक नहीं मिला। संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सफाईकर्मियों की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सफाईकर्मियों को नियुक्ति देने का काम राजस्थान सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि वे सफाईकर्मियों के धरने पर नहीं गए थे, बल्कि उनके हक की बात रखने के लिए नगर निगम गए थे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को हक दिलाना मेरा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भी यही सोच है कि मंत्री बनने के बाद भी जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हर उस व्यक्ति के हक के लिए खड़ा रहना है, जिसकी कोई मूलभूत आवश्यकता है और जो अपने अधिकार से वंचित है। संजय शर्मा ने कहा कि राजस्थान में जब भी विकास कार्यों का लोकार्पण होता है या राष्ट्रीय नेता राजस्थान आते हैं, तो विकास कार्यों को देखकर अशोक गहलोत को जलन होती है और वे ईर्ष्या के भाव से मीडिया के माध्यम से जनता को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत यदि मुख्यमंत्री रहते हुए इतनी सक्रियता से जनता के बीच जाते, विकास कार्य करते और उन कार्यों का बखान जनता के बीच करते, तो शायद आज उनकी यह दयनीय स्थिति नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत अपने शासनकाल में विकास कार्य करने की बजाय अपनी सरकार बचाने में लगे रहे। संजय शर्मा ने कहा कि गहलोत सरकार के समय कांग्रेस के बड़े नेता सचिन पायलट अपने विधायकों के साथ होटलों में बंद रहे और अशोक गहलोत भी अपने विधायकों को लेकर होटल में बंद रहे। उन्होंने कहा कि वेद प्रकाश सोलंकी, अशोक चांदना, हेमाराम चौधरी सहित कांग्रेस के विधायक और मंत्री गहलोत की कार्यशैली, विकास के प्रति अनदेखी और जनता के हितों की उपेक्षा से नाराज थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता ने कांग्रेस के दोनों नेताओं की लड़ाई को झेला और उसी का परिणाम है कि आज कांग्रेस विपक्ष में बैठी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में भी कांग्रेस की स्थिति ऐसी है कि प्रदेशाध्यक्ष और नेताप्रतिपक्ष तक गहलोत को तरजीह नहीं दे रहे हैं। संजय शर्मा ने कहा कि केवल अखबारों के माध्यम से गाल बजाने की बजाय जनता के बीच जाइए। यदि कोई संघर्ष करना है तो आंदोलन करके दिखाइए और विपक्ष के नाते कोई सुझाव देना है तो सुझाव दीजिए। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जनहित में दिए गए सुझावों को स्वीकार कर जनता के हित में निर्णय करेंगे। राज्य मंत्री ने कहा कि अशोक गहलोत ईर्ष्या की भावना से सरकार को कोस रहे हैं, राजस्थान की जनता उसे समझ चुकी है। आने वाले समय में आपका जादू चलने वाला नहीं है। जादूगर अशोक गहलोत का जादू खत्म हो चुका है और राजस्थान में यदि किसी का जादू चलेगा।

## 51 किलो की माला पहनाकर किया डोटासरा व जूली का स्वागत



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** एन.एच. 52 पर रविवार को प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव मुस्ताक खान के नेतृत्व में 51 किलो की माला व साफा पहनाकर दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि डोटासरा व जूली रविवार को राजगढ़ जाते समय अल्प प्रवास के दौरान चूरू बाईपास पर रूके थे। इस अवसर पर गोविद सिंह डोटासरा ने कहा कि आने वाले निकाय और पंचायत चुनावों में एकजुटता से कांग्रेस को समर्थन दें। इस अवसर पर अंजनी शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास सहारण, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, पूर्व लोहिया महाविद्यालय महासचिव पुलकित चौधरी, छात्र नेता अनिल बुडानिया, छात्र नेता राकेश कस्वां, जयप्रकाश झारिया, रोहन स्वामी, नवीन मेघवाल, रोहिताश सुंडा, युवा नेता फरमान खान, छात्र नेता आदिल गौरी, गुलजार खान, गोपाल कस्वां, रोहित कुल्हरी, विजय ढूकिया, विजय, जगदीश लोहार, सत्यनारायण कस्वां, संजय सुनिया, धर्मेंद्र लावा, भोजराज गोदारा, विक्रम लोहार, मोनू सामदखानी, सूफियान तंवर, राहुल झारिया, बिलाल खान, मेहरान, अमजद हकान, लतीफ खान, अरमान खान, शाहिद खान, तौफीक खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुस्ताक खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अंडर ब्रिज निर्माण कार्य में प्रगति लाए सरकार - रामकिशन महाराज

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा से बीकानेर शहर बी सेठिया गली के समाज सेवी एवं व्यापारी रामकिशन महाराज (उपाध्याय) कोलासर वालों ने उनसे मुलाकात कर मांग करते कहा कि बीकानेर में कोटगेट और सांखला रेलवे फाटकों पर वर्षों पुरानी ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए आप की सरकार ने 35 करोड़ रुपये के बजट से अंडरपास और अंडरब्रिज निर्माण की करने की घोषणा की हुई है। ये मांग शहर की जनता द्वारा लंबे समय से की जा रही है। इसके तहत प्रशासन व स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा पहले जमीन पर अतिक्रमण हटाने और कार्य में तेजी लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। लेकिन किसी वजह से अभी अंडर ब्रिज निर्माण कार्य रूका पड़ा है। जिससे दिनभर में कई बार फाटक बंद होने से लगने वाला भारी ट्रैफिक जाम से आम राहगीरों, व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। ताजा स्थिति है कि रास्ते में आ रहे अतिक्रमण व दुकानों को हटाने और निर्माण कार्य को गति देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सरकार द्वारा सक्रियता बढ़ाई जाए। जनता के हित में रूका हुआ काम वापिस शुरू करवाने कृपया करके।

## नशा मुक्त कार्यक्रम में गूंजे देशभक्ति के तराने

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** आजादी दिवस की संध्या पर पार्थ दिवाकर भवन में 'नशा मुक्त बीकानेर' नाम से ( एक शाम जांबाज शहीद के नाम) देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष वाई .के .शर्मा (योगी) और पूर्व महापौर हाजी मकसूद, मेहबूब अली रंगरेज, रामकिशन महाराज (उपाध्याय ), पार्षद सुशील सुथार सहित समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम प्रस्तुतियों के दौरान देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। ये देश है वीर जवानों का, मेरी देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती, कर चले जान फ़िदा साथियों-अब तुम्हारे हवाले, 'मां तुझे सलाम' और 'वंदे मातरम्' जैसे गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों में देशभक्ति का जज्बा भर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजक दिनेश दिवाकर, कार्यक्रम संयोजक सुनीलदत्त नागल, कार्यक्रम सहयोगी सैय्यद अख्तर, रामकिशोर यादव सहित पार्थ दिवाकर म्यूजिकल संस्था की टीम सक्रिय रूप से जुटी रही। 'नशा मुक्त बीकानेर' कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने शपथ लेते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेने की अपील भी की। इस अवसर पर सुनील दत्त नागल, दिनेश दिवाकर, रामकिशोर यादव, हेमंत पुरोहित, हेमंत शर्मा, रविन्द्र जैन, ओम कोटनीस, पवन कुमार चड्ढा, कुलदीप रील,निहारिका गर्ग, प्रहलाद सिंह, ताराचंद सोनी सहित अनेक कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम मंच संचालन रविन्द्र जैन किया।

*बज्जू में विधायक जनसुनवाई केंद्र का हुआ शुभारंभ*

## ढाई वर्षों में श्रीकोलायत को मिले 2650 करोड़ के विकास कार्य - अंशुमान सिंह भाटी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व सिंचाई मंत्री एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक देवीसिंह भाटी की अध्यक्षता में बज्जू खालसा में विधायक जनसुनवाई केंद्र का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पिछले ढाई वर्षों में श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत हुए लगभग 2650 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की जानकारी साझा की। विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने विधानसभा क्षेत्र में पूर्ण हो चुके विकास कार्यों, वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी देते हुए क्षेत्र के लिए स्वीकृत विभिन्न महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय विकास कार्यों का भी जिक्र किया। विधायक भाटी ने कहा कि श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देने में राज्य सरकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विधायक भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए अभूतपूर्व बजट उपलब्ध करवाया है, जिसके लिए भाटी ने मुख्यमंत्री सहित पूरी राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। विधायक भाटी ने कहा कि सरकार के सहयोग से क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। विधायक सेवा केंद्र के संबंध में विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने कहा कि यह केंद्र आमजन की समस्याओं को सुनने, उनके समाधान के लिए प्रभावी प्रयास करने तथा जनता एवं जनप्रतिनिधि के बीच निरंतर संवाद का सशक्त माध्यम बनेगा। भाटी ने कहा कि श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर तक जनसेवा, जनसुनवाई और विकास को पहुंचाना उनका संकल्प है। जनता की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी ने कहा कि विधायक सेवा केंद्र केवल एक भवन नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए प्रयास करने का महत्वपूर्ण केंद्र है। यह जनता और जनप्रतिनिधि के बीच निरंतर संवाद को मजबूत करने का सशक्त माध्यम बनेगा। पूर्व मंत्री भाटी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने श्रीकोलायत क्षेत्र में



जनसेवा को अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल की है। भाटी ने कहा कि जनता की पीड़ा को समझना, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना और क्षेत्र के विकास को गति देना ही सच्ची जनसेवा है। पूर्व मंत्री भाटी ने कहा कि कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या में सहभागिता और उत्साह इस बात का प्रमाण है कि श्रीकोलायत की जनता विकास और जनसेवा के संकल्प के साथ मजबूती से खड़ी है। विधायक जनसुनवाई केंद्र के उद्घाटन समारोह के पश्चात विधायक अंशुमान सिंह भाटी द्वारा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामकिशन आचार्य,चंद्र सिंह भाटी गिरिराजसर,सुजान सिंह सोढ़ा,धीरेंद्र सिंह (धर्मु बन्ना),जय सुख सिगड़,बालू राम बिश्नोई,पुन्नू खा,हाजी क़ायम खा,जयसिंह हाड़ला,मंगेज सिंह हाडला,नेमीचंद पंचारिया,रामकुमार गोदारा,नारायण सिंह भाटी हंदा, जेठाराम कुम्हार,कोजराम कालियाना, जीवन राम कड़वासरा, सुनील गोदारा,सुभाष ज्यानी, खेतसिंह भलूरी,मदन सिंह भाटी, खींवसिंह भाटी, मांगीलाल नाई, संग्राम सिंह भाटी, मांगीलाल राईका, मोतीलाल पालीवाल, शंकर लाल भाट, जेठू सिंह कीलचू,रामचंद्र कसवाँ, देवेंद्र चारण, विनोद नाई, देवीलाल चौधरी, एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## *रबीउल अव्वल के मुबारक अवसर पर जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर का 18वाँ रक्तदान शिविर 26 अगस्त को*




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** हज़रत मुहम्मद की विलादत-ए-बासआदत के मुबारक अवसर पर जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर की ओर से 18वाँ रक्तदान शिविर बुधवार, 26 अगस्त 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह रक्तदान शिविर स्वर्णकार पंचायत भवन, सुनारों की बड़ी गुवाड़, पुरानी जेल रोड, बीकानेर में आयोजित होगा। शिविर का समय प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आगामी रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में शहर बीकानेर की विभिन्न दीनी, सामाजिक एवं सियासी हस्तियों ने शिरकत की तथा जमीअत उलमा-ए-हिन्द द्वारा निरंतर किए जा रहे रक्तदान एवं सेवा-ए-ख़ल्क़ के कार्यों की सराहना की। जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर के महासचिव मौलाना मोहम्मद इरशाद क़ासमी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि रबीउल अव्वल हिजरी कैलेंडर का तीसरा महीना है और इसी मुबारक महीने में मोहसिने इंसानियत, रहमतुल्लिल आलमीन हज़रत मुहम्मद ? की विलादत-ए-बासआदत हुई। इस पवित्र अवसर पर रक्तदान कर किसी जरूरतमंद की जान बचाने में सहयोग करना ख़िदमते-ख़ल्क़ और इंसानियत की सेवा का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान और नेक कार्य है, जिसका लाभ सीधे जरूरतमंद मरीजों तक पहुँचता है। एक यूनिट रक्त किसी व्यक्ति के लिए जीवन की नई उम्मीद बन सकता है। इसलिए समाज के सभी स्वस्थ एवं सक्षम लोगों को आगे आकर इस सेवा अभियान का हिस्सा बनना चाहिए।

## नशा मुक्त कार्यक्रम में गूंजे देशभक्ति के तराने




**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** कार्यक्रम सहयोगी सैय्यद अख्तर ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते बताया कि आजादी दिवस की संध्या पर पार्थ दिवाकर भवन में 'नशा मुक्त बीकानेर' नाम से ( एक शाम जांबाज शहीद के नाम) देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष वाई .के .शर्मा (योगी) और पूर्व महापौर हाजी मकसूद, मेहबूब अली रंगरेज, रामकिशन महाराज (उपाध्याय ), पार्षद सुशील सुथार सहित समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम प्रस्तुतियों के दौरान देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। ये देश है वीर जवानों का, मेरी देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती, कर चले जान फ़िदा साथियों-अब तुम्हारे हवाले, 'मां तुझे सलाम' और 'वंदे मातरम्' जैसे गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों में देशभक्ति का जज्बा भर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजक दिनेश दिवाकर, कार्यक्रम संयोजक सुनीलदत्त नागल, कार्यक्रम सहयोगी सैय्यद अख्तर, रामकिशोर यादव सहित पार्थ दिवाकर म्यूजिकल संस्था की टीम सक्रिय रूप से जुटी रही। 'नशा मुक्त बीकानेर' कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने शपथ लेते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेने की अपील भी की। इस अवसर पर सुनील दत्त नागल, दिनेश दिवाकर, रामकिशोर यादव, हेमंत पुरोहित, हेमंत शर्मा, रविन्द्र जैन, ओम कोटनीस, पवन कुमार चड्ढा, कुलदीप रील,निहारिका गर्ग, प्रहलाद सिंह, ताराचंद सोनी सहित अनेक कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम मंच संचालन रविन्द्र जैन किया।

*भाजपा ने अलवर में फिर पीटा विकास का ढोल और विरोध पर ताला*

# थोथी घोषणाओं का गवाह बना अलवर,अमित शाह हकीकत जानने के लिए बीजेपी इवेंट मैनेजमेंट के बजाय सीधे आमजन से करते संवाद- टीकाराम जूली

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि करोड़ों के बोर्ड, हेलीकॉप्टर वाली रैली, और उसी दिन विपक्ष को पहुंचा दिया थाने। भाजपा ने अलवर में फिर विकास का ढोल पीटा और विरोध पर ताला लगवा दिया। जूली ने कहा ये विकास नहीं है, ये 'इवेंट मैनेजमेंट की तानाशाही' है। भाजपा की तानाशाही और दमनकारी नीति के आगे कांग्रेस का कार्यकर्ता कभी नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि बोलने की आजादी पर पाबंदी नहीं लगाई जा सकती। जूली बोले आज फिर एक बार गुलाम युग की तरह भारतीय जनता पार्टी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर आमजन की आवाज कुचलने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि गलत का विरोध करना हम सभी का लोकतांत्रिक अधिकार है। जूली बोले इतने करोड़ो रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद भी विपक्ष के लोगों को हाउस अरेस्ट और हिरासत में लेने की सरकार व सिस्टम को



जरूरत पड़ गई। जूली बोले लेकिन पुलिस के डंडो के आगे भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश ठंडा नहीं पड़ा और उन्होंने अपनी शांतिपूर्ण मांग रखने के लिए हर संभव प्रयास किया लेकिन प्रशासन को किसी अनहोनी का डर था। जूली ने अलवर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर मेट्रो, एयरपोर्ट, सैनिक स्कूल, अरावली और सरिस्का के मुद्दे उठाते हुए कहा कि उन्हें जिले की हकीकत जाननी है, तो भाजपा नेताओं और अधिकारियों से फीडबैक लेने के बजाय जिले की आम जनता से सीधा संवाद करना चाहिए। उन्होंने कहा गृहमंत्री के अलवर आगमन से पूर्व पुलिस की ओर से कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करना सरकार की तानाशाही का विकास का नया मॉडल है। **डेयरी पर बढ़ रहे कर्ज का बोझ किसान के माथे मांडने की तैयारी** जूली ने आरोप लगाया कि जिस डेयरी के नाम पर भाजपा नेताओं द्वारा वाहवाही लूटने का प्रयास किया जा रहा है और इतने बड़े तामझाम के बीच उद्घाटन कराया जा रह है, उस पर कर्ज का बोझ बढ़ रहा है, इसका असर किसानों व दुग्ध उत्पादकों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए डेयरी से जुड़े वित्तीय मामलों को गंभीरता से लेने की जरुरत है। **जूली बोले अरावली व सरिस्का को बेच देंगे क्या** जूली ने अरावली पर्वतमाला व सरिस्का के सीटीएच में बदलाव के मुद्दे उठाते हुए कहा कि राजस्थान और दिल्ली में पर्यावरण से जुड़े मंत्री अलवर के होने के बाद भी अरावली की परिभाषा में बदलाव करना गलत है। उन्होंने कहा कि अरावली केवल पहाड़ियों की श्रृंखला नहीं है, बल्कि राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों के पर्यावरणीय संतुलन के लिए जरूरी है अरावली की परिभाषा में बदलाव का प्रभाव वन, वन्यजीव, भूजल और पर्यावरण पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अलवर की पहचान सरिस्का टाइगर रिजर्व से है और इसके क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट यानी सीटीएच में बदलाव में पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरिस्का के संरक्षण के साथ स्थानीय लोगों के हितों तथा पर्यावरणीय संतुलन को प्राथमिकता देने की जरूरत है। **विपक्ष की आवाज सरकारी मशीनरी से दबा रही सरकार** नेता प्रतिपक्ष जूली ने पुलिस प्रशासन पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को नजरबंद करने पर कहा कि लोकतंत्र में विपक्षी दलों को अपनी बात रखने का अधिकार है।उन्होंने आरोप लगाया कि गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले कांग्रेस नेताओं को पुलिस द्वारा थानों में नजरबंद करना लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सरकार को विपक्ष की आवाज को सुनना चाहिए। **नेता प्रतिपक्ष बोले पहले भर्तृहरि के दर्शन करते फिर जनता से बात करते** जूली ने कहा कि गृहमंत्री को पहले बाबा भर्तृहरि के दर्शन कर लेने चाहिए थे फिर अधिकारियों की गाड़ी से उतरकर सड़कों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत देखिए। गड्ढे गिनते-गिनते थक जाएंगे। ये है अलवर की असली हकीकत। इसे फीडबैक फॉर्म में नहीं, जनता की आंखों में देखेंगे तभी समझ आएगा।उन्होंने कहा कि अलवर की हकीकत जाननी है तो भाजपा के दलालों और अफसरों की झूठी फाइलें बंद कीजिए। ग्राउंड पर उतरिए। रिक्शे वाले, खेत वाले, डेयरी वाले से पूछिए। वरना आपका दौरा भी आया, फोटो खिंचवाई, चले गए' वाला ही रहेगा।

### पूर्व महापौर के पति पर भाजपा कार्यकर्ता ने लगाए आरोप

## बोले- घर पर बुलडोजर भेजे गए, परिवार को डराने की कोशिश की गई

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** खुद को भाजपा कार्यकर्ता और आरएसएस स्वयं सेवक बताने वाले बद्री सिंह राजावत ने पूर्व महापौर सौम्या गुर्जर के पति राजाराम गुर्जर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राजावत ने कहा कि जमीन विवाद को लेकर मुझे और मेरे परिवार को लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरी जमीन पर सड़क बना दी गई। खंभे लगा दिए गए। सवाल उठाए तो मेरे घर पर बुलडोजर भेजे गए। परिवार को डराने-धमकाने की कोशिश की गई। नाबालिग बच्चों के सामने अपशब्द कहे गए और घर की महिलाओं के खिलाफ भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। राजावत ने कहा - यह मामला मेरी निजी जमीन से जुड़ा है। मेरी जमीन पर किसी तीसरे व्यक्ति ने सड़क बनाई है। अगर मेरी निजी जमीन से जुड़ा मामला है तो इसे सरकार का मामला कैसे बताया जा रहा है। इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। बद्री सिंह राजावत ने रविवार को कनकपुरा स्थित एक रिसॉर्ट में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाए। इस दौरान कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह गुढ़ा भी मौजूद रहे। वहीं, इस मामले पर पूर्व महापौर सौम्या गुर्जर के पति का कहना है कि मेरा इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। बद्री सिंह राजावत ने कहा - राजाराम गुर्जर , संदीप बक्शी और प्रभावशाली नेताओं ने चार दिन पहले रातों रात मेरी जमीन पर सड़क और खंबे लगा दिए। पता चला कि इसमें जेडीए का कोई लेना देना नहीं है। जेडीए के अधिकारियों के साथ मिलकर मेरे और मेरे पूरे परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। धमकी दिलवाई की मेरे और मेरे दादा के 6 भाइयों के घरों पर बुलडोजर चलवाकर करवाई करवाएंगे। लेकिन हमने यह कहा कि हम न्याय की लड़ाई लड़ेंगे चाहे बुलडोजर से आप हमारा घर ही क्यों ना तोड़ दो। चाहे इसके लिए मेरे परिवार को कुछ भी करना पड़े हम किसी के सामने झुकेंगे नहीं। मुझे थाने से फोन करके बुलाया गया। मुझे थाने के एसएचओ और हमने इस मामले में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भी बात की तो उन्होंने हमसे कहा कि आपके साथ अन्याय नहीं होने देंगे। यह जमीन मेरे दादा और उनके 6 भाइयों की है। कुल तीन बीघा जमीन थी।क्या है पूरा मामला बद्री सिंह राजावत ने कहा - मेरी जमीन से जुड़े विवाद में साल 2019 में जेडीए के खिलाफ कोर्ट से स्टे लिया गया था और सड़क का काम रुकवाया गया था। इसके बावजूद साल 2026 में उसी जगह दोबारा सड़क बनाई गई। मैं चाहता हूं कि इसकी जांच हो कि सड़क किसकी अनुमति से बनाई गई और जेडीए के रिकॉर्ड में इसका क्या उल्लेख है। उन्होंने कहा - मेरे पास साल 2016 से 2025 तक के गूगल मैप्स के दस्तावेज हैं। इनमें संबंधित जगह पर सड़क दिखाई नहीं देती। इसके अलावा मेरे पास स्मोरल रिपोर्ट, एफएसएल रिपोर्ट



और जमीन से जुड़े दूसरे दस्तावेज भी हैं। इन सभी दस्तावेजों की जांच से पूरी स्थिति साफ हो सकती है।

**सड़क की कथित तोड़फोड़ के मामले में मुकदमा** राजावत ने कहा -जिस सड़क के निर्माण पर मैं सवाल उठा रहा हूं, उसी सड़क की कथित तोड़फोड़ के मामले में मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। अगर जमीन और सड़क का विवाद है तो इसकी जांच दस्तावेजों और मौके की स्थिति के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया - मैं कानूनी प्रक्रिया के तहत पेश हुआ, इसके बाद भी मेरे खिलाफ दूसरा मुकदमा दर्ज किया गया। मुझे फरार बताया गया। जब मैं खुद कानूनी प्रक्रिया के तहत पेश हो चुका था तो मुझे फरार बताने की जरूरत क्यों पड़ी, इसकी भी जांच होनी चाहिए। 'भाजपा कार्यकर्ता और आरएसएस स्वयंसेवक हूं, फिर भी ऐसा हो रहा है' राजावत ने कहा- मैं भाजपा कार्यकर्ता और आरएसएस का स्वयं सेवक हूं। इसके बावजूद जयपुर में मेरे परिवार के साथ इस तरीके का व्यवहार हो सकता है तो आम आदमी की क्या स्थिति होगी। अगर एक आम आदमी के साथ ऐसा होता है तो वह अपनी बात कहां रखेगा। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। राजावत ने कहा- जमीन के दस्तावेज, जेडीए रिकॉर्ड, साल 2019 का कोर्ट आदेश, साल 2016 से 2025 तक के गूगल मैप्स दस्तावेज और साल 2026 में सड़क निर्माण से जुड़े रिकॉर्ड की जांच की जानी चाहिए।

**जयपुर कमिश्नरेट घेरने की चेतावनी** इस पूरे मामले पर राजपूत समाज के लोग एकजुट हो गए हैं। राजपूत महासभा के नेता प्रतिपक्ष बद्री सिंह राजावत के समर्थन में 20 अगस्त को जयपुर कमिश्नरेट का घेराव करने पहुंचेंगे।

### फसल बीमा में गांव प्रदर्शित नहीं होने की समस्या का होगा त्वरित समाधान

## किसानों की सुविधा के लिए कृषि विभाग ने मांगा गांवों का विवरण, बीमा अवधि 20 अगस्त तक बढ़ाने का भारत सरकार से अनुरोध

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2026 में अधिकाधिक किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को फसल बीमा करवाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए विभाग ने राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर गांवों के विवरण को अद्यतन करने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल ने बताया कि खरीफ-2026 के लिए फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित है। किसानों के हित में इस अवधि को बढ़ाकर 20 अगस्त किए जाने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। प्रस्तावित बढ़ी हुई अवधि में गैर-ऋणी, बटाईदार सहित सभी पात्र किसान अपनी फसलों का बीमा करवा सकेंगे। **पोर्टल पर गांव प्रदर्शित नहीं होने की शिकायतें** कृषि विभाग द्वारा राजस्व मंडल से प्राप्त विलेज मास्टर के आधार पर गांवों का विवरण राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर अपलोड करवाया गया है। इसके बावजूद कुछ जिलों से किसानों द्वारा शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि फसल बीमा करवाते समय कुछ गांवों के नाम पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं।

कृषि विभाग ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन गांवों का विवरण राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहा है, उनका विवरण निर्धारित प्रारूप में अति शीघ्र उपलब्ध करवाया जाए, ताकि प्राप्त विवरण के आधार पर पोर्टल पर संबंधित गांवों के नाम तत्काल अद्यतन करवाए जा सकें। **किसानों को बीमा सुविधा उपलब्ध करवाना प्राथमिकता** नरेश कुमार गोयल ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ सहज एवं सुगम रूप से उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता है। पोर्टल पर गांवों के नाम प्रदर्शित नहीं होने से किसी पात्र किसान को बीमा सुविधा से वंचित नहीं होना पड़े, इसके लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांवों से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण करवाते हुए आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर गांवों का विवरण अपडेट किया जा सके और अधिकाधिक किसान निर्धारित अवधि में अपनी फसलों का बीमा करवा सकें। उन्होंने बताया कि इस बार फसल बीमा योजना में प्रीमियम की दरें अत्यधिक कम होने एवं कई सकारात्मक बदलाव किए गए हैं जिनमें 7 दिन में फसल बीमा ष्पश्च4 किसान को उपलब्ध कराने, सर्वेयर नियुक्त करने में देरी करने या सर्वे रिपोर्ट समय पर नहीं देने पर पेनल्टी जैसे प्रावधानों से किसान काफी उत्साहित हैं. इस बार फार्मर आईडी अनिवार्य करने से फर्जीवाड़े पर भी रोक लगेगी।

### चांदी की 400-किलो की पालकी में निकली बूढ़ी-तीज की सवारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में रविवार को बूढ़ी तीज माता की शाही सवारी धूमधाम और राजसी परंपराओं के साथ निकाली गई। तीज माता को चांदी की करीब 400 किलो वजनी पालकी में विराजमान कर सवारी निकाली गई। इस दौरान लड़कियों ने तलवारबाजी की कला का प्रदर्शन किया। वहीं, सवारी देखने के लिए एक युवक 2 करोड़ के गहने बनकर पहुंचा। तीज माता की सवारी शुरू होने से पहले एक कावड़ यात्रा त्रिपोलिया बाजार पहुंची, जिसे बैरिकेड्स हटाकर रास्ता दिया गया। शौर्य सेवा संस्था संगठन की खुशी नरुका ने बताया- दीया कुमारी के निमंत्रण पर लड़कियों का ग्रुप तीज समारोह में शामिल हुआ। जिन्होंने तलवारबाजी की कला का प्रदर्शन




किया। इसका यही मैसेज है कि लड़कियां कही से कमजोर नहीं है। बीकानेर से आए रमेश व्यास ने बताया- मेरी साढ़े तीन फीट की दाढ़ी है। लंबी दाढ़ी रखना आसान नहीं है, इसके लिए खासा खर्चा करना पड़ता है। प्रदेश में मुझे दूसरे नंबर का अवार्ड मिला हुआ है। हमारा ग्रुप यहां आया हुआ है।

### राज्य के हाटों का पीपीपी मॉडल पर होगा संचालन

## राज्य के दस्तकारों, बुनकरों एवं लघु उद्यमियों के उत्पादों के लिए होगी स्थायी व्यवस्था

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य के पारंपरिक दस्तकारों, बुनकरों, महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और लघु उद्यमियों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने तथा उन्हें सीधे बाजार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

इसी दिशा में राज्य के प्रमुख हाटों को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर संचालित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य हाटों को केवल बिक्री केंद्र तक सीमित न रखकर उन्हें दस्तकारों, बुनकरों और लघु उद्यमियों के लिए आधुनिक बाजार एवं विपणन मंच के रूप में विकसित करना है। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 27 जून, 2026 को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर की गई घोषणा की पालना में राज्य के चार प्रमुख हाटों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में उद्योग प्रोत्साहन संस्थान के माध्यम से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया गया है। हाटों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाएगी। अग्रवाल ने बताया कि राज्य के अलवर, पुष्कर, जैसलमेर एवं नाथद्वारा हाटों का संचालन एवं प्रबंधन पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा। इन हाटों का मुख्य उद्देश्य राज्य के हुनरमंद दस्तकारों, बुनकरों, लघु उद्यमियों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा ओडीओपी एवं जीआई उत्पादों को उनके उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के लिए आधुनिक एवं सुविधायुक्त मंच उपलब्ध कराना है। इससे उपभोक्ताओं को सीधे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे और दस्तकारों एवं उद्यमियों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सकेगा। अग्रवाल ने बताया कि इन हाटों में केवल नियमित मेलों और औद्योगिक प्रदर्शनियों का ही आयोजन नहीं होगा, बल्कि दस्तकारों के कौशल विकास के लिए सेमिनार, कार्यशालाएं और विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, हाटों में ठहरने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे बाहर से आने वाले दस्तकारों एवं अन्य प्रतिभागियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया किपीपीपी मॉडल पर संचालन से इन हाटों के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन में सुधार होगा। आधुनिक विपणन सुविधाओं के साथ स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे हाट स्थानीय पर्यटन और व्यापार के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होंगे तथा राज्य के पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा एवं स्थानीय उत्पादों को नई पहचान और व्यापक बाजार मिलने की संभावनाएं मजबूत होंगी।

## स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित हुआ गरिमामय समारोह, 15 मंत्रालयिक अधिकारी और कर्मचारी हुए सम्मानित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था संजय अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने का संदेश दिया। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्थान पुलिस के 15 मंत्रालयिक अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज देश स्वतंत्र है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि उनके आदर्शों और पदचिह्नों पर चलते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करें। **इन्हें मिला सम्मान** सम्मानित होने वाले अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जैसलमेर के प्रशासनिक अधिकारी महावीर सिंह भाटी, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) जयपुर की संस्थापन शाखा के



अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार लामोरिया तथा सीआईडी (सीबी) जयपुर के सहायक प्रशासनिक अधिकारी बाबूलाल मीणा शामिल रहे। वहीं वरिष्ठ सहायक श्रेणी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नागौर के दिलीप सिंह, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कोटा शहर के दिगम्बर सिंह और किशन लाल मीणा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बाड़मेर के जयदेव बोस, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) जयपुर के जितेन्द्र शर्मा तथा पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, बीकानेर के किशोर कुमार को प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए।

## स्वतंत्रता दिवस पर गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र में ध्वजारोहण, तिरंगा बाइक रैली ने जगाया देशभक्ति का जज्बा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गृह रक्षा विभाग राजस्थान की ओर से गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र जयपुर में हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत समादेष्टा गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र जयपुर स्वाति शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और गृह रक्षा स्वयंसेवकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता, अनुशासन, नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्र सेवा ही सशक्त भारत की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि गृह रक्षा स्वयंसेवकों की सेवाओं की बढ़ती मांग समाज और प्रशासन द्वारा उन पर जताए जा रहे विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन, निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। साथ ही स्वयंसेवकों के कल्याण और समय पर भुगतान को विभाग की प्राथमिकता बताते हुए एचडीएमएस में जल्द ही अटेंडेंस और बिलिंग मॉड्यूल शुरू किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने भविष्य में मोबाइल ऐप के माध्यम से ड्यूटी संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने की भी घोषणा की।

### जिला कलक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया 'राजसखी पंच गौरव रथ' का शुभारंभ

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), जयपुर द्वारा ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने तथा पंच गौरव कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से रविवार को 'राजसखी पंच गौरव रथ' का शुभारंभ किया गया। एसआईएएम, दुर्गापुरा, जयपुर से आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में जिला कलक्टर जयपुर संदेश नायक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् जयपुर प्रतिभा वर्मा द्वारा फीता काटकर राजसखी पंच गौरव रथ को रवाना किया गया। राजसखी पंच गौरव रथ के माध्यम से राजीविका से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन, प्रचार-प्रसार एवं विक्रय किया जाएगा।

### न्यूज विंडा

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के सानिध्य में लोकभवन में 'एट होम' आयोजित



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लोकभवन में स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार सायं एट होम का आयोजन हुआ। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के सानिध्य में आयोजित हुए एट होम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जनों सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित हुए। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगंतुकों से मुलाकात कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। एट होम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधिगण, कुलगुरु, प्रशासन और पुलिस के अधिकारी, न्यायाधीपतिगण, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।

### जयपुर मेट्रो में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर मेट्रो परिसर स्थित मानसरोवर डिपो के प्रशासनिक भवन में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं गौरव के साथ किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वैभव गालरिया ने ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में निदेशकगण, अधिकारी, मेट्रो पुलिस एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वैभव गालरिया ने कहा कि संविधान का पालन करते हुए जयपुर मेट्रो को आत्मनिर्भर एवं विकसित उपक्रम बनाने के साथ शहर को आधुनिक और सुविधासंपन्न बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जयपुर मेट्रो की निरंतर प्रगति की उम्मीद जताई।



### आमजन के जीवन को बेहतर एवं खुशहाल बनाने के लिए लोक सेवक के रूप में कार्य करने का किया आह्वान




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) में आयोजित अटल गौरव स्मृति समारोह तथा अलवर में आयोजित रोजगार उत्सव का जिले में सियाम दुर्गापुर स्थित सभागार सहित विभिन्न स्थानों पर लाइव प्रसारण किया गया। जिलेभर में आयोजित अटल गौरव स्मृति एवं रोजगार उत्सव कार्यक्रमों में 22,200 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नवनियुक्त कार्मिकों को संबोधित करते हुए माननीय विधायक हवामहल श्री बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि सरकारी सेवा आमजन की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ निर्वहन करते हुए आमजन के जीवन को बेहतर और खुशहाल बनाने के लिए एक सच्चे लोक सेवक के रूप में कार्य करने का आह्वान किया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में जिला कलक्टर संदेश नायक, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा,अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तर राजेंद्र सिंह, उपखंड अधिकारी जयपुर खुशबू शर्मा, संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बुद्धि प्रकाश चंदेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत, माध्यमिक जिला शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंघल, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित थे।

## उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### संभागीय आयुक्त वे सरवन कुमार ने किया संभागीय आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण



### कलक्ट्रेट परिसर में जिला कलक्टर संदेश नायक ने किया ध्वजारोहण




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गया। शनिवार को संभागीय आयुक्त जयपुर वे सरवण कुमार ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने सलामी गार्ड का निरीक्षण किया। वहीं जयपुर जिला कलक्ट्रेट परिसर में जिला कलक्टर संदेश नायक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस की सलामी टुकड़ी ने कलक्टर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिला कलक्टर ने समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 54 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में रामफूल जाट, रविन्द्र कुमार, जितेन्द्र कसाना, हितेश कुमार महरिया, सरोज मीना, अजेन्द्र सिंह खंगारोत, बंटी गुप्ता, राजेश कुमार पारीक, चेतन अग्रवाल, कैलाश चन्द पालीवाल, चक्रपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार पटेल, रेणुका बिनवानी, अमित कुमार, केशव कौशिक, रामपाल, मनीष सोंगरवाल, संदीप कुमार शर्मा, महेन्द्र कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, सचिन शर्मा, अर्जुन लाल शर्मा, अनीता गुप्ता, कविता चंचलानी, मनोज कुमार यादव, विनय दुआ, दिनेश खण्डेलवाल, राजेन्द्र खोलिया, देवेन्द्र बसवाल, विरेन्द्र जांगिड़, गोविन्द शरण शर्मा, दिनेश कुमार मीणा, सुभाष पारीक, धर्मेन्द्र गोयल, नीरज उडेनिया, चन्द्रप्रकाश मीणा, अस्मिता बोहरा, प्रेम देवी, सोहनलाल सैनी, शालिनी चौधरी, आशीष कुमार मीणा, कालूराम मीणा, बीरबल गुर्जर, आस्था चंदेलिया, शौर्य यादव, छगनलाल यादव, अजय शर्मा, गोविन्द कुमार शर्मा, विनिता कुमावत, चन्द्रप्रकाश शर्मा, राजेश कुमार, जितेन्द्र सैनी एवं बाबूलाल गुर्जर, मनीराम शामिल हैं। जिला कलक्टर ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त दीप्ति कछवाहा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) युगान्तर शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) राजेंद्र सिंह , अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) मेघराज मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर पूर्व नरेंद्र कुमार वर्मा, उपखण्ड अधिकारी जयपुर खुशबू शर्मा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## बीकानेर में भव्यता से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



# मुख्यमंत्री ने गिनाई राजस्थान की विकास उपलब्धियां

## 2047 तक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही-भजनलाल शर्मा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर के डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 80वां स्वतंत्रता दिवस राज्य स्तरीय समारोह राष्ट्रभक्ति और उल्लास के साथ आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और मार्चपास्ट की सलामी ली। समारोह में पहली बार राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन भी हुआ।

विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों और स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार संवैधानिक भावना के अनुरूप राजस्थान सिविल संहिता-2026 लाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने अपराध एवं भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति, राजस्थान अशांत क्षेत्र कानून तथा धर्मांतरण रोकने के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही है। जल सुरक्षा के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल परियोजना पर काम जारी है। राजस्थान सौर ऊर्जा क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर है। पिछले 31 माह में 18 हजार किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का निर्माण हुआ है।



मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की वार्षिक सहायता 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किए जाने, नए कृषि कनेक्शन, ब्याजमुक्त फसली ऋण तथा गेहूं पर बोनस जैसी उपलब्धियां गिनाईं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1,450 रुपये प्रतिमाह करने, महिला सशक्तीकरण, लाडो प्रोत्साहन योजना और लखपति दीदी कार्यक्रम का भी उल्लेख किया।

समारोह में प्रशासन, पुलिस एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पदक एवं योग्यता प्रमाण-पत्र तथा समाजसेवा, पर्यावरण, कला और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री ने 50 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य का आह्वान करते हुए बताया कि अब तक 24 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उदयपुर में फतेहसागर झील की पाल पर मॉर्निंग वॉक करते हुए आमजन से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने लोगों के साथ चाय की चुस्कियां लीं और बुजुर्गों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को दुलार करते हुए उन्हें चॉकलेट्स दी। मुख्यमंत्री के सहज व्यवहार से आमजन में उत्साह का माहौल नजर आया। इस दौरान जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद मन्नालाल रावत एवं विधायक फूल सिंह मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी साथ रहे।

## उड़ता तीर

......प्रदीप लोढ़ा

### प्रवासी सम्मेलन में जुटे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिसंबर में होने वाले प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन के लिए जुट गए हैं, पिछले सप्ताह इस संदर्भ में बेंगलुरु में कार्यक्रम करके आ गए हैं मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवासी सम्मेलन के लिए पूरी तैयारी देखी जा रही है मुख्यमंत्री इस बार इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने की कोशिश में है क्योंकि इस बार जो इन्वेस्टमेंट आ जाएगा वह चुनाव तक जमीन पर साकार होने लगेगा। फिर पिछले दो सम्मेलन से मुख्यमंत्री ने कई चीजे देख और समझ ली थी इसलिए इस बार पहले से बेहतर और प्रभावी कार्यक्रम होगा।

### चल पड़ी चुनावी ट्रेन।

309 शहरी निकायों प्रमुखोंऔर 41 जिला प्रमुख के पदों के लिए आरक्षण लॉटरी निकलने के साथ ही चुनावी ट्रेन चल चुकी है, हाई कोर्ट के कड़े निर्देश के बाद हो रहे इन चुनाव को लेकर लॉटरी निकलने से पहले कई तरह की चर्चा चल रही थी पर अब बात आगे बढ़ गई है सोमवार को पार्षदों की लॉटरी भी निकल जाएगी इसी के साथ चुनावी तस्वीर साफ होने लगेगी क्योंकि आरक्षित वार्ड होने से कई को मौका मिलेगा तो कई स्थानीय नेताओं के सपने चूर हो जाएंगे। वार्ड की तस्वीर से ही आगे प्रमुख की भी तस्वीर साफ होने लगेगी क्योंकि प्रमुख पार्षदों में से ही और पार्षदों के द्वारा चुना जाना है।

### कटौती या चाल।

309 शहरी निकायों और 41 जिला प्रमुखों की निकली आरक्षण लॉटरी को लेकर चर्चा है कि ओबीसी आरक्षण निर्धारित निर्देशों से कम मिला है यह कटौती किस स्तर पर हुई है पता नहीं लेकिन चर्चा यह भी है कि यह सब जानबूझकर तो नहीं किया गया है ताकि बखेड़ा खड़ा हो जाए तथा कोई कोर्ट में जाकर चुनाव पर ही स्टे लेकर आ जाए, कहां जा रहा है कि सरकार अगले वर्ष चुनाव कराने के मूड में थी और है। जानकार मान रहे हैं कि यह गलती जानबूझकर तो नहीं होगी।

### गुफ्तगू के मायने।

स्वाधीनता दिवस और गणतंत्र दिवस के दिन शाम को राज भवन में महामहिम राज्यपाल द्वारा गणमान्य व्यक्तियों के लिए एट होम हमेशा चर्चित रहता है क्योंकि आपस में मेल मिलाप का यह बहुत बड़ा स्थल माना गया है, एक वरिष्ठ आईएएस ओर आईपी एस अधिकारी के बीच कार्यक्रम के दौरान ही 20 मिनट तक चली गुफ्तगू ने कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है कुछ कह रहे हैं कि पुरानी फाइल बंद होने की बात थी कुछ मान रहे थे कि भ्रष्टाचार की नई फाइलें खुलने वाली है।

### सूची पहले या बाद।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की सूची लंबे समय से प्रतीक्षारत है सभी अन्य की सुचिया आ चुकी है, अगले कुछ घंटे में चुनाव की आचार संहिता लगनी है, आने वाली सूची क्या-क्या आचार संहिता से पहले आएगी अथवा आचार संहिता लगने के बाद आएगी, माना जा रहा है बाद में आई तो सूची में जिला कलेक्टर शायद ही होंगे और पहले आई तो जिला कलेक्टर भी बदले जा सकते हैं।

### चुनाव का असर।

प्रदेश में पंचायत और पालिका चुनाव का बिगुल बज चुका है, चुनाव मैदान में उतरने वालों ने अपना मन बना लिया है पार्षदों की लॉटरी खुलने के बाद ही नाम खुलकर सामने आ जाएंगे लेकिन इस बीच पार्टी के कार्यक्रम में रौनक और उत्साह बढ़ गया है, भाजपा की तिरंगा रैली आशा से अधिक सफल हो गई है वहीं कांग्रेस में भी धरने प्रदर्शन में भीड़ बढ़ गई है दोनों पार्टियों के दफ्तर में भी रौनक पहले से ज्यादा है हो गई है।

### यू सी सी पर मोहर।

राज्य मंत्रिमंडल ने राज्य में यू सी सी कानून इसी सत्र में लाने का फैसला कर लिया है इस बहुचर्चित कानून से सत्ता और विपक्ष में विधानसभा सत्र के दौरान टकराव भी होगा वहीं सरकार आक्रामक मूड में भी दिखेगी। बहु विवाह प्रथा पर लगाम के चलते कई सामाजिक संगठन खिलाफत भी कर सकते हैं वहीं पारिवारिक संपत्ति में पुत्र पुत्री के बराबर हक से कई परिवारों में संपत्ति को लेकर टकराव भी हो जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं।
























# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रतिभाओ का गौरवमयी हुआ सम्मान

**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में मेधावी छात्र-छात्राओं , राजकीय व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालो का किया सामान , राजकीय सेवा में तेजा राम ,हरविंदर सिंह , पवन कुमार ,तुलसाराम , सुनीता, गुरप्रीत सिंह ,सुनील बिश्नोई , टीना, संतोष , सत्यनारायण प्रमोद कुमार कैलाश, रूपेंद्र सिंह , परविन्द्र सिंह , कविता मीणा , प्रमोद कुमार कनिष्ठ सहायक , गंगाराम , रामचंद्र, छिन्द्रपाल सिंह, मनप्रीत कौर ,सोना देवी, अजय कुमार ,राजेश कुमार , सीमा , मोहित बिश्नोई , संध्या सियाग , डॉ दिनेश कुमार सहारण ,अजय कुमार , पायल, श्योप्रकाश वर्मा ,रमेश कुमार , परमवीर राठौड़ , वीरेंद्र सिंह, संदीप बजाज , बृजमोहन शर्मा ,गीता कालड़ा, निमित्त कुमार , मनदीप सिंह , बोर्ड परीक्षाओं में निमित्त विश्नोई पुत्र अजय कुमार , पुलकित पुत्र सुरेश कुमार ,एकता वर्मा पुत्री दयालचंद , ईशा पुत्री राधेश्याम , सुनीता णुत्री गुरमेल ,नरेश पाल पुत्र गंगाराम ,जय वर्मा पुत्र प्रेम राम ,शिवानी पुत्री ओम प्रकाश , रोहित कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार ,निशा पुत्री विनोद कुमार , ममता पुत्री मोहनलाल,तमन्ना पुत्री आशीष तनेजा , जसप्रीत कौर पुत्री राजविंदर सिंह , दिव्या पुत्री खेसारी लाल , वंदना पुत्री कुलदीप कुमार , कर्मन गगनदीप सिंह , रिंकल पुत्री पवन कुमार , चेष्टा पुत्री अमर सिंह , हर्ष बगड़िया पुत्र पवन कुमार , मनीषा पुत्री समर सिंह., हैमांग छिपा पुत्र विजेंद्र छिपा , जश्नप्रीत पुत्र केवल सिंह , सिया पुत्री अजय कुमार , मीनाक्षी पुत्री ताराचंद जानवी पुत्री किशोर चंद , दिव्यांशा पुत्री संदीप कुमार , अंश पुत्र नरेश कुमार , प्रजजोत पुत्री कवरन जीत सिंह , मनराजन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह , रतविंदर सिंह पुत्र अवतार सिह, हर्षविंदर सिंह पुत्र लाभ सिंह , अर्पण पुत्र जसकरण सिंह ,समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर श्रीराम कल्याण भूमि अध्यक्ष राकेश धीगड़ा , एवं मॉ चिंतपूर्णी पैदल यात्री सेवा समिति अध्यक्ष बलदेव राज आहूजा , महाविद्यालय स्तर पर सम्मानित होने वाले , दिनेश कुमार पुत्र बनवारी लाल, रमेश कुमार पुत्र धर्मपाल , राष्ट्रीय स्तर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, विशाल पुत्र महावीर , देवकरण पुत्र पलाराम , विवेक पुत्र सुरेंद्रनाथ , रचना पुत्री शेराराम , राजस्थान राज्य स्काउट में राज्य स्तर पर सम्मानित , जगदीप शीला पुत्र महेंद्र पाल, बृजेश पत्र प्रेम प्रकाश ,माधव पुत्र राजाराम , सोनू पुत्र राजेंद्र कुमार , मोहित पुत्र शिव कुमार का हुआ सम्मान



## बिजली के हाई वोल्टेज से लाखों का नुकसान दर्जनों घरों के मीटर व घरेलू उपकरण जले

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्रीकोलायत क्षेत्र के डेह गांव में रविवार अलसुबह अचानक विद्युत वोल्टेज बढ़ने से कई घरों में विद्युत उपकरण और मीटर जलने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, सर्विस लाइन में आई गड़बड़ी के चलते गांव के करीब 70 प्रतिशत घर प्रभावित हुए। ग्रामीणों का दावा है कि करीब 40 से 50 घरों के मीटर और सर्विस केबल जल गए। इसके अलावा कई घरों में फ्रिज, एलईडी, वायरिंग सहित अन्य विद्युत उपकरणों को भी नुकसान पहुंचा है। घटना अचानक होने से कुछ समय के लिए गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि उपकरण जलने लगे तो लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना में किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए घटना की जांच, जले हुए मीटर और केबल का रिकॉर्ड तैयार करने तथा घरेलू उपकरणों के नुकसान का सर्वे करवाने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक, हरमान राम, पुनाराम, बनाराम नाई, धना राम नायक, चूनाराम, तखत सिंह, मग सिंह, पन्ने सिंह, मूल सिंह देवड़ा, शिवराम नायक और नरसीराम नायक सहित कई परिवारों के घरों में नुकसान हुआ है। वहीं चक बँधा सांखला के सरपंच प्रशासक गज्जे सिंह देवड़ा ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से प्रभावित परिवारों को नुकसान के अनुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है। फिलहाल अचानक वोल्टेज बढ़ने के वास्तविक तकनीकी कारण की आधिकारिक पुष्टि विद्युत विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी।

## किसान के खेत में मिला संदिग्ध गुब्बारा , पुलिस ने कब्जे में लिया

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर जिले के पुगल थाना क्षेत्र के 1 डीबीएम चक में किसान के खेत में एक संदिग्ध प्लास्टिक का गुब्बारा मिलने से हलचल मच गई। गुब्बारा हरे और सफेद रंग का है, जिस पर चांद और स्टार का निशान बना हुआ है। साथ ही उस पर उर्दू भाषा में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं लिखी हुई हैं। गुब्बारा मिलने की सूचना पर पुलिस थाना पुगल से एएसआई रामस्वरूप विश्नोई, कांस्टेबल मनफूल सहित पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा और गुब्बारे को कब्जे में लिया। पुगल थानाधिकारी समरवीर सिंह ने बताया कि एक गुब्बारा मिला है, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## पेंशनर समाज भवन में चर्म रोग निःशुल्क जांच व परामर्श शिविर सम्पन्न

**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** स्थानीय बस स्टैंड के पास स्थित पेंशनर समाज भवन में चर्म रोग चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। पेंशनर समाज उप शाखा एवं कमला ड्रग्स के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण झाझड़िया ने त्वचा रोग से ग्रसित रोगियों की निःशुल्क जांच कर परामर्श प्रदान किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया के मुख्य आतिथ्य और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास की अध्यक्षता में प्रारंभ हुए शिविर को संबोधित करते हुए इंदौरिया ने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा जैसे सामाजिक सरोकारों के लिए पेंशनर समाज भवन का सदुपयोग होना प्रशंसनीय है। पेंशनर समाज उप शाखा के अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा, सचिव पीरूमल भोभरिया, कोषाध्यक्ष बद्रीप्रसाद बंसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड़ , वरिष्ठ सदस्य मोहम्मद अनवर कुरैशी , महावीर प्रसाद सांखोलिया, बाबूलाल माली, गुलाब वर्मा, मोहम्मद आमीन, दौलतराम दायमा सहित कई पेंशनर्स ने आयोजकीय भागीदारी निभाई । इस अवसर पर लॉयन प्रदीप धरड़, कुलदीप व्यास, श्याम प्रजापत, हिमांशु बबेरवाल, धर्मेश आदि उपस्थित थे। नवीन व्यास ने सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया।




## खंडहर क्वार्टर में मिली युवक की लाश, इलाके में हड़कंप मचा

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के मुक्ता प्रसाद थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पुराने हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के आवासन मंडल के खंडहरनुमा क्वार्टर में एक युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर मुक्ता प्रसाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अजय मौर्य पुत्र राम लखन मौर्य, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी मुक्ता प्रसाद के रूप में हुई है। शव के पास कई नशीले पदार्थ भी पड़े नजर आए। ऐसे में पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और युवक की मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर खिदमतगार खादिम सोसाइटी और असहाय सेवा संस्थान से सोएंब भाई, मो. जुनैद, मो. सत्तार और राजकुमार खड़गावत एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। मुक्ता प्रसाद थाना पुलिस के हनुमानजी, संजय सहित टीम की जांच और निगरानी में शव को पीबीएम अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकीय मुआयना करवाने के बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक की पहचान मुक्ता प्रसाद निवासी 25 वर्षीय अजय मौर्य के रूप में हुई है ।संभवत युवक की मौत नशे के ओवरडोज की वजह से हुई है ।खिदमतगार खादिम सोसाइटी और असहाय सेवा संस्थान से सोएब भाई,मोहम्मद जुनैद,मोहम्मद सत्तार और राजकुमार खडग़ावत एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे ।मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस के हनुमान और संजय सहित टीम की निगरानी में शव को पीबीएम अस्पताल ले जाया गया,जहां चिकित्सकीय मुआयना करवाने के बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया ।पुलिस युवक की मौत के कारणों और घटना से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## करंट की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में देशनोक थाना क्षेत्र के लालमदेसर मगरा रोही में खेत में काम करते समय करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। ये हादसा 14 अगस्त की रात करीब दस बजे हुआ ।मृतक के भाई लालमदेसर मगरा निवासी खियाराम जाट ने बताया कि उसका भाई सुखाराम खेत में बने टांकें की मोटर में करंट आने के कारण उसकी चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक को देशनोक सीएचसी ले जाया गया।

## नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा का एपीओ निदेशालय में तबादला,

### निकाय चुनाव से पहले बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान में नगरीय निकायों के आम चुनावों से पूर्व स्वायत्त शासन विभाग ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। विभाग ने राजस्थान नगर पालिका सेवा के 41 अधिकारियों एवं कार्मिकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन के आदेश जारी किए हैं। इसी कड़ी में सीकर नगर परिषद के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा का तबादला कर उन्हें एपीओ निदेशालय में पदस्थ किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के पत्र क्रमांक प. 7(1)(1)पंचा/रानिआ/2024/5033 दिनांक 21.07.2026 की पालना एवं प्रशासनिक कारणों से यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी किया गया है। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक प्रजित चंद्रशेखर जुजकर द्वारा डिजिटली हस्ताक्षरित इस आदेश में स्थानांतरित अधिकारियों को तुरंत पदमुक्त होकर नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने तथा अनुपालन रिपोर्ट विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि राज्य में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सीकर जिले में नगरीय निकाय चुनाव-2026 के लिए वार्ड आरक्षण की लॉटरी 17 अगस्त को आयोजित होनी है। ऐसे में चुनाव से ठीक पहले आयुक्त स्तर पर हुए इस बड़े फेरबदल को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस प्रशासनिक फेरबदल में आयुक्त एवं उपायुक्त स्तर पर कई अन्य अधिकारियों के तबादले भी किए गए हैं। इनमें हनुमानगढ़ नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव, जैसलमेर नगर परिषद आयुक्त लतपाल सिंह, भीलवाड़ा नगर निगम आयुक्त हेमाराम तथा जयपुर नगर निगम की उपायुक्त कविता चौधरी को भी एपीओ निदेशालय में तबादला किया गया है।

## माकपा बीकानेर जिले में निकाय चुनाव लड़ेगी

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी बीकानेर नगर निगम व निकाय चुनाव में पूरी ताकत से भाग लेगी, माकपा के जिला सचिव एडवोकेट सुन्दर बेनीवाल ने बताया कि माकपा बीकानेर जिले में जिला परिषद, पंचायत समिति व नगर पालिका चुनावों में भाग लेगी, माकपा के बीकानेर शहर सचिव एडवोकेट बजरंग छींपा ने कहा कि हमारी पार्टी ने पुरे देश में व जिले में सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाते हुए लगातार जनता के मुद्दों को उठाया है पार्टी बीकानेर नगर निगम चुनाव में उम्मीदवार उतारकर अपनी भागीदारी निभाएगी, माकपा नेता पूर्व विधायक कॉम गिरधारी महिया ने कहा है कि हमारी पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर चुनावों में जाएगी और बीकानेर में सफाई व्यवस्था, सड़क, नाली और स्वास्थ्य के मुद्दों को प्रमुखता से रखकर जनमुद्दों पर चुनाव लड़ा जायेगा ।

### कांग्रेस का जनसैलाब, डोटासरा-जूली की सालासर पुलिया पर ऐतिहासिक अगवानी

## भाजपा के 'सूपड़े साफ' का दावा, कार्यकर्ताओं ने विधायक हाकम अली खान के नेतृत्व में किया भव्य स्वागत

**नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर कसे तंज**

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का सोमवार को फतेहपुर शेखावाटी में जबरदस्त राजनीतिक आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। राजगढ़ में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे दोनों बड़े नेताओं का काफिला जैसे ही सालासर पुलिया के पास पहुंचा, वैसे ही स्थानीय विधायक हाकम अली खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा और नारों से गूंजते हुए उनकी अगवानी की। सौ से अधिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में आयोजित इस जोशीले स्वागत समारोह में डोटासरा ने पत्रकारों से बातचीत में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'भाजपा की भ्रष्टाचार भरी कार्यशैली और जनविरोधी नीतियों ने राजस्थान में उसकी नैया डुबो दी है। आने वाले पंचायती राज और निकाय चुनावों में जनता इस सरकार का 'सूपड़ा साफ' कर देगी।' उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को हर बूथ पर जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और यह चुनाव राज्य में सत्ता-परिवर्तन का 'ट्रायल रन' होगा। इस भव्य स्वागत में फतेहपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सहित तमाम मोर्चों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इसमें पीसीसी सदस्य महावीर प्रसाद मेव, देहात ब्लॉक अध्यक्ष झाबरमल धायल, निवर्तमान प्रधान प्रतिनिधि महिपाल नेहरा, नगर मंडल अध्यक्ष छोटेलाल महिचा, जिला उपाध्यक्ष रब्बानी सोलंकी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के देहात ब्लॉक अध्यक्ष परसाराम गुडेसरिया, समाजसेवी महबूब देवड़ा, युवा प्रदेश सचिव आसिफ जलालसर, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अंकित कुल्हरी, युवा नेता रफीक खान, पूर्व पालिकाध्यक्ष गफूर खान, पूर्व उपाध्यक्ष शौकत पीर, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामस्वरूप महिचा, शहर मंडल अध्यक्ष रुखसाना खोकर, ओबीसी प्रकोष्ठ के पवन सैनी, मेवाराम प्रजापति, रामेश्वर बिजारणियां, सादिक पीर, अब्दुल सलाम, रमजान खां मोयल, अनवर लंगा, अजीज खत्री सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एक नजर

**सिविल लाइंस पार्क में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस**

## नन्हे-मुन्ने बच्चों की देशभक्ति प्रस्तुतियों ने बांधा समां, प्रतिभागियों को दिए पुरस्कार

जयपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिविल लाइंस पार्क में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और देशभक्ति के जज्बे के साथ राष्ट्रीय पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। समारोह में सिविल लाइंस पार्क सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र खंडेलवाल एवं सचिव कौशल शर्मा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति, संस्कार और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करते हैं। समारोह का वातावरण पूरे समय उत्साह और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत रहा।

## जयपुर में 100 बच्चों को मिलेगी निःशुल्क क्लेफ्ट सर्जरी की सुविधा



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** क्रेडिटएक्सेस इंडिया फाउंडेशन और स्माइल ट्रेन ने जयपुर व आसपास के क्षेत्रों में क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट से जन्मे बच्चों के लिए निःशुल्क सर्जरी उपलब्ध कराने को साझेदारी की है। सीएसआर पहल के तहत 100 बच्चों की सर्जरी में सहयोग किया जाएगा, जिनमें 50 सर्जरी स्माइल ट्रेन के सहयोगी एपेक्स हॉस्पिटल, जयपुर में होंगी। समय पर उपचार नहीं मिलने से बच्चों को खाने, बोलने, सांस लेने और सुनने में कठिनाई हो सकती है। साझेदारी का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक गुणवत्तापूर्ण उपचार पहुंचाना है। स्माइल ट्रेन के अनुसार राजस्थान में उसके नौ सहयोगी अस्पतालों के माध्यम से अब तक 44 हजार से अधिक निःशुल्क क्लेफ्ट सर्जरी में सहयोग किया।

## सोनालीका इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स ग्रेटर नोएडा में बनाएगी ग्लोबल आर एण्ड डी सेंटर

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत से ट्रैक्टर निर्यात में नंबर-1 ब्रांड सोनालीका इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में 25 एकड़ में अपना नया ग्लोबल रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आर एण्ड डी) सेंटर स्थापित करेगी। यह फैसला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कंपनी प्रबंधन के बीच हुई बैठक के बाद लिया गया। प्रस्तावित ग्रीनफील्ड सेंटर को उन्नत इंजीनियरिंग और किसान-केंद्रित इनोवेशन के वैश्विक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां भारतीय और वैश्विक बाजारों की जरूरतों के अनुरूप कृषि तकनीक एवं समाधान विकसित किए जाएंगे। कंपनी के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा, 'यह सुविधा कृषि इनोवेशन के अगले दौर को आकार देने की दिशा में अहम कदम है। हमारा लक्ष्य किसानों को सशक्त बनाने वाली वैश्विक स्तर की तकनीक विकसित करना है।'

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की मजबूत तिमाही वृद्धि

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में लिस्टिंग के बाद सबसे मजबूत तिमाही प्रदर्शन दर्ज किया। कंपनी का राजस्व 15.5 प्रतिशत बढ़कर 7,233 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 27.2 प्रतिशत बढ़कर 653 करोड़ रुपये पहुंच गया। एबिटा 26.2 प्रतिशत बढ़कर 904 करोड़ रुपये रहा, जबकि एबिटा मार्जिन 12.5 प्रतिशत रहा। टीवी, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और वॉशिंग मशीन सहित प्रमुख श्रेणियों में वृद्धि हुई। प्रबंध निदेशक हाँग जू जियोंन ने कहा कि प्रीमियम, तकनीक-संचालित और ऊर्जा-कुशल उत्पादों की मांग बढ़ रही है।

## आईटेल ने लॉन्च की वॉशिंग मशीन और टीवी की नई रेंज

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड आईटेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वॉशिंग मशीन और टीवी की नई रेंज लॉन्च कर अपने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी का उद्देश्य आधुनिक तकनीक को किफायती कीमतों पर भारतीय परिवारों तक पहुंचाना है। नए टीवी पोर्टफोलियो के साथ स्मार्ट टीवी सेगमेंट में भी कंपनी ने विस्तार किया है। आईटेल इंडिया के सीईओ अरिजीत तलापात्रा ने कहा कि किफायती कीमत ग्राहकों को आकर्षित करती है, जबकि भरोसेमंद प्रदर्शन विश्वास कायम करता है। कंपनी ने 1,000 से अधिक सर्विस सेंटर के जरिए ग्राहकों को बेहतर आफ्टर-सेल्स सेवा देने की प्रतिबद्धता जताई।

## होटलबनाहवेली एक्स पर ट्रेंड, रिसॉर्ट भूमि विवाद पर चर्चा तेज

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सोशल मीडिया मंच एक्स पर सहोटलबनाहवेली हैशटैग ट्रेंड होने से जयपुर के एक रिसॉर्ट से जुड़े भूमि उपयोग विवाद और जेडीए अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश पर चर्चा तेज हो गई। विवाद में 2005 में कृषि भूमि के आवासीय उपयोग में परिवर्तन का दावा किया गया है, जबकि जेडीए की कार्रवाई कथित व्यावसायिक गतिविधियों और निर्माण उल्लंघनों को लेकर है। न्यायाधिकरण ने स्थल निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने भूमि उपयोग, स्वीकृत नक्शों और निर्माण अनुमतियों से जुड़े सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग की है।

### स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल भिड़ंत, दो बच्चों की मौत

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के गजनेर थाना इलाके में स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल भिड़ंत में दो बच्चों की मौत की मौत हो गई है ।जबकि एक जना घायल हो गया है ।जानकारी मिली है कि हादसा भोलासर गांव के पास हुआ ।गजनेर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है ।दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई ।घायल व्यक्ति को तुरंत बीकानेर के पीबीएम ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया,जहां उसका इलाज जारी है। मृतक बच्चे और घायल व्यक्ति हनुमानगढ़ क्षेत्र के बावरी समाज से संबंधित बताए जा रहे हैं ।पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया ।टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**बयाना में स्वतंत्रता दिवस पर ऐतिहासिक बांगड़ फील्ड में गूंजी वंदे मातरम की आवाज**

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, उत्कृष्ट कार्य करने पर 49 जनों का किया सम्मान

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना में उपखंड स्तरीय 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह शनिवार को ऐतिहासिक बागड़ फील्ड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम दीपक मित्तल,विधायक डॉ. ऋतु बनावत, पूर्व सांसद रंजीता कोली, एएसपी हरिओम कुमावत, सीओ देवेंद्र जाखड़, तहसीलदार नीतेश गोयल ने राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने कहा–सबको मिलकर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करना होगा। अपने कार्य को पूरी निष्ठा समर्पण भाव से करें। शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। कार्यक्रम में आदर्श विद्या मंदिर के छात्रों ने घोष वादन करते हुए परेड निकाली। स्कूली बच्चों ने शारीरिक व्यायाम प्रदर्शन के साथ ही देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसके बाद शहीद वीरांगनाओं समेत बेहतर राजकीय सेवा, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 49 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे समय भारत माता और वंदे मातरम के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में बीडीओ जतन सिंह गुर्जर, सीबीईओ मंजू गुप्ता, प्रिंसिपल यादगणेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र शर्मा सहित ब्लॉक स्तरीय कई अधिकारी–कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता धर्मेंद्र सिंह और मदन मोहन तिवारी ने किया। नगर पालिका कार्यालय पर ईओ जीतेंद्र गर्ग ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही क्रय विक्रय सहकारी समिति पर चेयरमैन गिरिजेश शर्मा ने ध्वजारोहण किया। वहीं पूर्व सैनिक संघ की ओर से अध्यक्ष बलराम कांवर के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर वंदे मातरम के साथ शहीदों को नमन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर ध्वजारोहण के दौरान शहर अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, बाबूलाल वर्मा, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष ईशू सोनी




मौजूद रहे। इसके अलावा फ्यूचर चाइल्ड स्कूल, होली एंजेल्स स्कूल, एसवी पूर्वांचल स्कूल, ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, गांधी विद्या मंदिर स्कूल, गिरिजा चिल्ड्रन स्कूल, नर्सिंग कॉलेज, गांधी सेवा सदन, राजेश पायलट स्कूल आदि में भी ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

## सीकरी में गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढम ने 23 सीसी रोड का किया शिलान्यास



**सीकरी (हुक्मनामा समाचार)।** गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढम ने कहा है कि सीकरी क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाने,ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे है और सीकरी सहित सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।वे कस्बे के जगन्नाथ मैरिज होम में आयोजित 1 करोड़ 39 लाख रुपए से बनने वाली 23 सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के अलावा सीकरी बस स्टैंड के लिए 25 लाख रुपए एवं पचास लाख रुपए की लागत से बनने वाली एक सीसी रोड को भी मंजूरी दी गई है।मंत्री ने कहा कि आगामी निकाय और पंचायत चुनावों में सीकरी सहित पूरे राज्य में भाजपा का परचम लहरेगा। उन्होंने वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओ से कहा कि आमजन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाकर प्रचंड बहुमत से अपना बोर्ड बनाएं। उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संवाद कर ही विकास कार्य मंजूर किए है और इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

## नशा मुक्त भारत में हरजन की सहभागिता सुनिश्चित हो : बीके वंदना

**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को नशा मुक्त बनाने सो सप्ताह नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभि यान के तहत ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय आबू की और से देश भर के करोड़ों युवाओं को नशा मुक्त करने के लिए ध्यान चलाया जा रहा है अभियान चलाया जा रहा है इसी संदर्भ में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका बीके वंदना दीदी ने विद्यार्थियों में आमजन से सामूहिक रूप से संकल्प करवाया कि नशा एक गंभीर बीमारी है , जो व्यक्ति के हंसते खेलते जीवन को बर्बाद कर देता है , हम



सब नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम राष्ट्रहित में समाज की मजबूत कड़ी के रूप मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त अभियान को सफल बनाने अपना संपूर्ण योगदान देने मे सदैव आगे रहे और नशे का शिकार युवाओं को सही रास्ते पर लाने हेतु प्रेरित करें ।

### कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए पशुधन निरीक्षक सिंह राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित



**बीदासर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में पशुपालन विभाग राजस्थान सरकार जयपुर द्वारा पशुधन निरीक्षक दरिया सिंह बीदासर को कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में जिले में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। दरिया सिंह द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, पशुपालकों को बेहतर पशु प्रजनन सेवाएं उपलब्ध कराने तथा विभागीय योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने में उल्लेखनीय योगदान दिया गया। उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में यह गौरव प्राप्त हुआ। यह सम्मान न केवल दरिया सिंह के उत्कृष्ट कार्यों की पहचान है, बल्कि पशुपालन विभाग के मैदानी कार्मिकों द्वारा पशुधन एवं पशुपालकों के हित में किए जा रहे समर्पित कार्यों का भी सम्मान है। उनकी इस उपलब्धि पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पशुपालकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मेडिकल कॉलेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को किया सम्मानित

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज चूरू में 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामाकांत वर्मा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व स्टाफ द्वारा देशभक्ति से ओत–प्रोत देशभक्ति की विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। डॉ. शशिधर हरव्याशी, निजी सहायक वेद प्रकाश, डॉ. मीनाक्षी जयपाल व नर्सिंग ऑफिसर निशा द्वारा देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ व पैरामेडिकल स्टाफ को प्रधानाचार्य डॉ. रामाकांत वर्मा व अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी ने प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. रामाकांत वर्मा ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता व समर्पण के साथ मरीजों की सेवा करें तथा



महाविद्यालय में शैक्षणिक व चिकित्सकीय उत्कृष्टता का वातावरण बनाने में योगदान दें। समारोह में महाविद्यालय व संबद्ध चिकित्सालय के चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## इंद्रा हैप्पी स्कूल में उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस, जिला स्तरीय समारोह में स्कूल की छात्रा रणजीत कौर सम्मानित



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** इंद्रा हैप्पी स्कूल में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उमंग और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी इंद्रा हैप्पी स्कूल की शानदार प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की प्रस्तुति की सराहना होने से स्कूल परिवार में खुशी का माहौल रहा। समारोह में इंद्रा हैप्पी स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा रणजीत कौर को उनकी उपलब्धि के लिए जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय समारोह में जिला कलेक्टर द्वारा रणजीत कौर को सम्मानित किए जाने पर विद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना विद्यालय की प्राथमिकता है।

### महादेव मण्डल की 9वीं कांवड़ यात्रा, संकटमोचन शिवालय मंदिर पर किया जलाभिषेक

**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** महादेव मण्डल के तत्वावधान में 9वीं भव्य कांवड़ यात्रा सांभरलेक स्थित पवित्र देवयानी सरोवर से कांवड़ में जल भरकर फुलेरा के स्कूल खेल मैदान स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर के शिवालय पर जलाभिषेक किया गया। महादेव मण्डल के अध्यक्ष मंगलचंद सैनी ने बताया कि रविवार को देवयानी सरोवर से सैकड़ों कांवड़िए व महादेव मण्डल के कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर विधी–विधान से पूजा–अर्चना करके हर हर महादेव का जयघोष करते हुए महिलाये, पुरुष व बालक–बालिकाए कावंड़ियों का जत्था रवाना हुआ और डीजे की धुन पर डमरू व छालर बताते हुए नाचते गाते हुए सांभरलेक से भादरपुरा के रास्ते मुख्य बाजार से होते हुए स्कूल खेल मैदान पर पहुंचकर शिवालय पर जलाभिषेक किया गया।

**पेड लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित**

## पेड़ हमारे जीवन, पर्यावरण एवम भविष्य का आधार हैं : सुमन मीणा

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'पेड़ लगाओ जीवन बचाओ अभियान–2026' के तहत लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट, कानड़ियावाला के सहयोग से रविवार 16 अगस्त को जमवारामगढ़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम टीम सुमन मीणा (झस्रू), जमवारामगढ़ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कानड़ियावाला, काली पहाड़ी चारणवास, राजपुरवास ताला, भुरानपुरा, हरिपुरा, गठवाडी, बोबाड़ी, अजबपुरा, धलेर, जयचंदपुरा, लाडिपुरा एवं धोला सहित विभिन्न स्थानों पर निर्धारित समय पर पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया गया। आईएएस डॉ हरसहाय मीणा ने संबोधित करते हुए कहा है कि 'प्रकृति ही हमारा वास्तविक जीवन आधार है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, पर्याप्त जल और सुरक्षित पर्यावरण चाहते हैं तो आज हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने और लगाए गए पौधों की जिम्मेदारीपूर्वक देखभाल करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि इस अभियान को केवल एक दिन का पौधारोपण कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे जन–अभियान बनाएं। प्रत्येक परिवार कम से कम दो पौधे लगाए—एक अपने लिए और दूसरा अपने परिवार एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए। पौधा लगाना पहला कदम है, उसे वृक्ष बनाना हमारी वास्तविक जिम्मेदारी है। उन्होंने सबसे अपील कि आइए, हम सब मिलकर जमवारामगढ़ को हराभरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश देने का संकल्प लें।' ट्रस्ट अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य मानोता सुमन मीणा ने कहा कि 'पेड़ हमारे जीवन, पर्यावरण और भविष्य की सुरक्षा का आधार हैं। महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण परिवारों की भागीदारी के बिना पर्यावरण संरक्षण का अभियान पूर्ण नहीं हो सकता। इसलिए मैं क्षेत्र की मातृशक्ति, युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से विशेष रूप से अपील करती हूं कि वे इस अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लें। हमारा संकल्प केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। प्रत्येक लगाए गए पौधे को अपने परिवार के सदस्य की तरह संरक्षण देकर बड़ा करना होगा। जब आज लगाया गया पौधा कल विशाल वृक्ष बनेगा, तब यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। आइए, मिलकर संकल्प लें—हर साल दो पेड़ लगाएं, धरती मां का कर्ज चुकाएं; पहला पेड़ अपने लिए और दूसरा पेड़ अपनों के लिए लगाएं।' आयोजकों ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित समय एवं स्थान पर अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम में सहभागी बनें और पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत अभियान को जन–जन का अभियान बनाएं।



## एक नजर

### खैरथल में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस, 38 प्रतिभाओं का सम्मान

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैरथल में आयोजित हुआ। जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। पुलिस एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने राज्यपाल का संदेश पढ़कर सुनाया। जिला कलक्टर ने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता अधिकारों के साथ जिम्मेदारियों का भी संदेश देती है। उन्होंने स्वच्छता, जल एवं बिजली संरक्षण, शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा औद्योगिक विकास में सहभागिता का आह्वान किया। समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों की वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 व्यक्तियों को प्रशस्ति–पत्र एवं स्वामी विवेकानंद की पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### फ्री आवास योजना का झांसा देकर भूखंड का फर्जी बेचाननामा बनाने का आरोप

**पीलीबंगा (हुक्मनामा समाचार)।** पंडितावाली गांव में एक मजदूर परिवार के पुश्तैनी भूखंड को लेकर विवाद पुलिस तक पहुंच गया है। 52 वर्षीय पीड़ित ने गांव के आदराम जाट, उसकी पत्नी सरबती देवी, विकास जाखड़ सहित अन्य लोगों पर आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर खाली स्टाम्प व दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाकर कथित फर्जी बेचाननामा तैयार करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार भूखंड बाद में विकास जाखड़ को बेच दिया गया, जबकि परिवार का कब्जा अब भी मौके पर है। पीड़ित ने पंचायत स्तर पर मिलीभगत, दस्तावेजों के दुरुपयोग और ड्रोन सर्वे के जरिए कब्जा दिखाने के भी आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर सिविल न्यायालय में वाद लंबित है। आरोप है कि कोर्ट का नोटिस मिलने के बाद आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट, पत्नी से अभद्रता और मकान खाली नहीं करने पर धमकी दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं व एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच सीओ रावतसर विक्रम चौहान को सौंपी है।

### 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया, विभिन्न स्थानों पर हुआ ध्वजारोहण

**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** 80वां स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह फुलेरा नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में स्कूल खेल मैदान पर शनिवार को सुबह 10 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम फुलेरा नगरपालिका ईओ महिमा सोनी की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्य अतिथि फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी रहें जबकि विशिष्ठ अतिथि सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय विद्यालय की प्रधानाचार्या ललिता वर्मा, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य नविता वर्मा रहीं। कार्यक्रम के दौरान सरकारी व निजी विद्यालय के विद्यार्थियों ने पीटी, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। पालिका प्रशासन की ओर से विद्यालय प्रतिनिधी व विद्यार्थियों को मिठाई और पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र गहलोत ने किया। इसी प्रकार पुलिस थाना फुलेरा पर थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने ध्वजारोहण किया। इसके अतिरिक्त रीको क्षेत्र स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, फुलेरा–ईटावा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर विधायक विद्याधर चौधरी, व्यापार महासंघ कार्यालय पर अध्यक्ष मनोज आहूजा, उपजिला अस्पताल पर पीएमओ डॉ. धर्मेन्द्र भामू, टेगौर सेंट्रल स्कूल पर संजय शर्मा, दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत कार्यालय पर अशोक वासदेव की अध्यक्षता में जीआरपी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने ध्वजारोहण किया।

### विवाहिता की मौत से मचा हड़कंप,डिग्गी में मिला शव

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के नापासर थानान्तर्गत एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।बताया जा रहा है कि विवाहिता का शव खेत में बनी डिग्गी में मिला है। जिससे क्षेत्र में हडकंप सा मच गया है।मृतका के पिता ने उसकी सास और पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और खेत में बनी डिग्गी में धकेलकर हत्या करने का आरोप लगाया है।पुलिस के अनुसार सामरदा निवासी महावीर जाट ने 15 अगस्त को थाने में दी रिपोर्ट में बताया गया कि उनकी 24 वर्षीय बेटी पुष्पा की शादी वर्ष 2017 में मुण्डसर निवासी नरेन्द्र कुमार से हुई थी।पिता का आरोप है कि शादी के बाद दहेज और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर पुष्पा को लगातार प्रताड़ित किया जाता था।पिता के मुताबिक पुष्पा ने कई बार मायके वालों को ससुराल में हो रही परेशानी की जानकारी दी थी। समाज और पंच–पंचायत के स्तर पर समझाइश भी की गई, लेकिन विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ।महावीर जाट का आरोप है कि घटना से दो दिन पहले पुष्पा ने फोन कर उसे मायके ले जाने के लिए कहा था। पिता ने दो दिन बाद आने की बात कही।आरोप है कि इसके अगले दिन रात में पुष्पा को उसके पति और सास ने खेत में बनी डिग्गी में धकेल दिया,जिससे उसकी मौत हो गई।15 अगस्त की सुबह परिवार को पुष्पा की मौत की सूचना मिली।

### बस में हुई चोरी का पर्दाफाश , -महिला आरोपी गिरफ्तार -रुपए किए बरामद

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के नापासर थाना पुलिस ने बस में बैग काटकर चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी को दस्तयाब कर नौ हजार रुपए बरामद किए हैं। थानाधिकारी कविता पूनिया के निर्देशन में एएसआई कविंद्र कुमार ने कार्रवाई करते हुए पंजाब के गीदड़वा गांव निवासी 33 वर्षीय महिला पोपा को दस्तयाब किया। पुलिस के अनुसार जसरासर निवासी ओमप्रकाश सोनी और गंगाशहर निवासी मोबीना बस से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान ओमप्रकाश सोनी के बैग को काटकर करीब 100 ग्राम वजनी चांदी का नेकलेस चोरी कर लिया गया। वहीं मोबीना के बैग से नौ हजार रुपए नकद चोरी हुए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबीना के नौ हजार रुपए बरामद कर लिए हैं।

### हरिराम बाबा पैदल यात्री संघ 9 सितंबर को झोरड़ा धाम के लिए होगा रवाना

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** हरिराम बाबा पैदल यात्री संघ, पाबू चौक गंगाशहर के तत्वावधान में हरिराम बाबा, झोरड़ा (नागौर) के दर्शनार्थ रवाना होगा। यह पैदल यात्री संघ बुधवार, 9 सितंबर 2026 को दोपहर 4:15 बजे पाबू चौक, गंगाशहर से झोरड़ा धाम के लिए रवाना होगा। संघ से जुड़े अध्यक्ष बाबूलाल गोलछा ने बताया कि यह संघ की 30वीं पैदल यात्रा है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस पैदल यात्रा में हरिराम बाबा के प्रति आस्था रखने वाले अच्छी संख्या में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल होते हैं।

# विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं ने स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं ने अपने अपने प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण किया। लोहागढ प्रेस क्लब भवन प्रेस क्लब अध्यक्ष उमेश लवानियां द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। इस मौके पर महेन्द्र सिंह सिकरवार, रामचरण धाकड, मुरारी लाल, मुकेश कुमार, अनिल चौधरी, भारत शर्मा, रवि वर्मा, आशीष वर्मा आदि पत्रकार उपस्थित रहे। इसी प्रकार पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोगास देशभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह के दौरान मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया। अपने संबोधन में मंडल प्रमुख ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहींए बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का भी स्मरण कराती है। इसी प्रकार आर्य उप प्रतिनिधि समिति द्वारा महर्षि दयानंद वैदिक साधु आश्रम जघीना गेट पर 80वां स्वतंत्रता दिवस समिति के प्रधान राजन सिंह सोलंकी, संरक्षक सत्यदेव आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष मानसिंह आर्य, कपूर आर्य, ओ.पी. भटनागर द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इसी प्रकार सनातन धर्म उच्च माध्यमिक विद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना कर माल्यार्पण व दीप प्र%जवलन किया गया। ध्वजारोहण क्लब अध्यक्ष लायन हरीशंकर गोयल व लायन पी.आर. जिंदल द्वारा कराया गया। इसी प्रकार अखिल भारतीय बाल्मीकि समाज विकास परिषद के तत्वावधान में जिला कार्यालय दीनदयाल नगर भरतपुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धनेश कुमार जादों के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण कर मनाया गया। इसी प्रकार भगत सिंह मॉडर्न माध्यमिक विद्यालय में 80 वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के साथ की गई। इसके बाद गौरांश फौजदार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी प्रकार ब्रजवाला फाउंडेशन और ब्रजवाला ग्रुप ऑफ कंपनी के संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता अजय चतुर्वेदी ने पतंजलि योग सीनियर सिटीजन ग्रुप टीम गणेश पार्क वाणी प्रदुषणमुक्ति संस्थान



और अपनी टीम बृजवाला के साथ बड़ी धूम धाम से स्वतंत्रता दिवस मनाकर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएंए दी। इसी प्रकार समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता के निर्देशन में संस्था के प्रधान कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस हर्षोगास गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इसी प्रकार भारत विकास परिषद् शाखा द्वारा आदर्श विद्या मंदिर रंजीत नगर में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इसी प्रकार 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार जवाहर नगर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री के पिता किशन स्वरुप शर्मा ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात भरतपुर वासियों एवं समस्त राजस्थान प्रदेश वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारा राजस्थान अग्रणी राजस्थान की ओर अग्रसर हो रहा है।

# जाकिर हुसैन में हर्षोल्लास से मनाया 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** डीटीओ ऑफिस के पास स्थित डॉ. जाकिर हुसैन सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में 80 वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अहसान गौरी थे। वहीं पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी असगर जोईया, डॉ. प्रदीप पूनिया, करामत अली, अकबर खान राणासर, आसिफ खां एलमाण व उमरान खान आदि विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. मुमताज अली कुरैशी, सचिव डॉ. एम.एम. शेख, निदेशक जनाब सलामुद्दीन खान, कोषाध्यक्ष रशीद खां, हाजी फजले हक, नूर मोहम्मद खान, यूसुफ अली चौहान व असगर अली चौहान सहित अनेक पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह में विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में समां बांधा। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता व स्वतंत्रता के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आवेश कुरैशी, शिक्षक अधीन रहमान खान, राजपुरा, देवेन्द्र सिंह, रमीज, सुमेर, योगिता, नाहिद, रफीक व मुस्कान सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इदरीश खत्री राज ने किया।

# पंचायतीराज एवं निकायों में लॉटरी द्वारा आरक्षण का निर्धारण आज

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायतराज के जिला परिषद सदस्य प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्य के पदों तथा नगरीय निकायों के आगामी आम चुनावों हेतु वार्डों के वर्गवार आरक्षण एवं महिला आरक्षण की प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम सोमवार 17 अगस्त को कलक्ट्रेट सभागार में निर्धारण किया जाएगा। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि पंचायत आम चुनाव 2026 के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं का लॉटरी द्वारा पदों का निर्धारण 17 अगस्त को प्रात: 10 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लॉटरी द्वारा जिले के जिला परिषद सदस्य प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्यों का निर्धारण किया जायेगा।

जिला कलक्टर ने बताया कि जिले की समस्त नगरीय निकायों के आगामी आम चुनावों हेतु वार्डों के वर्गवार आरक्षण एवं महिला आरक्षण की प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम 17 अगस्त को दोपहर 2 बजे से निकाली जावेगी।

# राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, जिला बीकानेर की बैठक संपन्न

## कार्य बहिष्कार व जिला परिषद के घेराव की चेतावनी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** रविवार को राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, जिला बीकानेर की जिला कार्यकारिणी की एक अहम बैठक किड्स कनेक्ट स्कूल (डूडी पेट्रोल पंप के सामने, जैसलमेर रोड, बीकानेर) में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामनिवास भादू ने की। बैठक में जिला मंत्री रामनिवास सारण ने बैठक की कार्यवाही लिखकर उसका अनुमोदन करवाया तथा विगत 8 अगस्त 2026 को हुई प्रदेश प्रतिनिधि सभा की बैठक के संदर्भ में जानकारी देते हुए पुरजोर आग्रह किया कि प्रदेश कार्यकारिणी का प्रत्येक निर्देश और संदेश अंतिम ग्राम विकास अधिकारी तक पहुंचे और उसकी अक्षरश: पालना सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, संघ द्वारा नवीन मांग पत्र को पढ़कर उपस्थित सभी साथियों को सुनाया गया।

**जिला कोषाध्यक्ष का प्रतिवेदन:** जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिसोदिया ने बैठक में विभिन्न ब्लॉकों के बकाया वार्षिक अंशदान और प्रांतीय भवन निर्माण की बकाया राशि के संबंध में सभी ब्लॉकों को विस्तार से अवगत कराते हुए शीघ्र राशि जमा करवाने का आग्रह किया। **उपस्थित पदाधिकारी:** आज की बैठक में खाजूवाला ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार, खाजूवाला जिला प्रतिनिधि चंद्रकांत, जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिसोदिया, जिला संयुक्त मंत्री रामचंद्र मेघवाल, कोलायत ब्लॉक मंत्री शिवानी, बीकानेर पंचायत समिति ब्लॉक अध्यक्ष विजयपाल जांगू, बीकानेर ब्लॉक मंत्री रोहित दावा, पांचू ब्लॉक मंत्री रविंद्र सिंह, लूणकरणसर ब्लॉक मंत्री राकेश बिश्नोई, बीकानेर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण प्रजापत, पूगल से सक्रिय सदस्य सुरेंद्र कुमार मेहरड़ा सहित जिला कार्यकारिणी और सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, मंत्री व कई अन्य साथी उपस्थित रहे **बैठक में मुख्य रूप से निम्न मुद्दों पर हुई चर्चा: स्वच्छ भारत मिशन व जेजेएम:** स्वच्छ भारत मिशन में नियमित साफ-सफाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई व जेजेएम योजना के बहिष्कार को अनवरत रखते हुए जिले की तीन ग्राम पंचायतों में जल अर्पण अभियान में हैंडओवर की विभाग के निर्देशों 15 दिन के रन ट्रायल के बिना जबरन थोपे जाने पर इस मुद्दे पर आगामी निर्णय लेने हेतु प्रदेश कार्यकारिणी को अवगत कराया गया।

# गीता क्लासेज चूरू जैसा कार्यक्रम पूरे देश में चलना चाहिए-बृजेश महाराज



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** सर्राफ फाउंडेशन की ओर से भास्कर भवन में संचालित गीता क्लासेज में रविवार को वृंदावन के संत बृजेश महाराज ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान संजय सिंघानिया, जनार्दन आचार्य, हर्षित सोनी सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर बृजेश महाराज ने गीता क्लासेज की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि चूरू जैसी गीता क्लासेज पूरे देश में चलनी चाहिए, ताकि बच्चों को भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में माता-पिता बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते, ऐसे में इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुरली सर्राफ से संवाद करते हुए बृजेश महाराज ने कहा कि वे सर्राफ फाउंडेशन का इस अभियान का देशभर में प्रचार-प्रसार करेंगे तथा अन्य स्थानों पर भी गीता क्लासेज शुरू करवाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में हरिकिशन भेड़ा ने राम मंदिर में होने वाले यज्ञ के लिए गीता क्लासेज चूरू के सदस्यों को निमंत्रण दिया। वहीं ब्रह्माकुमारी संस्था से सुमन बहिन, शारदा बहिन और अर्चना ने बच्चों को नशामुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि मुरली सर्राफ के निर्देशानुसार देश के किसी भी क्षेत्र से लोग गीता क्लासेज शुरू करने के लिए आगे आयें, तो सर्राफ फाउंडेशन उनके सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर पांच श्लोक, पंचामृत, गजल-गीत, हनुमान चालीसा व सामूहिक संकीर्तन हुआ। यशवर्धन सोनी व हर्षवर्धन सोनी का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में मोहित सिंघानिया, दिव्या भाटी, खुशी सैनी, दिव्या शर्मा, रेनू बजाज, माधुरी शर्मा, ममता, विजयलक्ष्मी शर्मा सहित सभी कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

# शिक्षक जगदीश प्रसाद कुशवाहा ने विद्यालय को भेंट किया म्यूजिक साउंड सिस्टम



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांव बिनऊआ रूपवास में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जगदीश प्रसाद कुशवाहा ने स्कूल को म्यूजिक साउंड सिस्टम भेंट किया। इस साउंड सिस्टम से अब स्कूल में प्रतिदिन प्रार्थना और अन्य कार्यक्रम सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किए जा सकेंगे। शिक्षक के इस सहयोग को देखकर विद्यालय परिवार ने उनका सम्मान किया। प्रधानाचार्य मधु उपाध्याय ने शिक्षक जगदीश प्रसाद की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सहयोग से विद्यालय की गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम में ग्रामीण अन्य शिक्षकों और बड़ी संख्या में ब%चे उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक जगदीश प्रसाद को साफा माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की खुले दिल से सराहना की। इस मौके पर मधु उपाध्याय प्रधानाचार्य सुन्दरारी उपप्रधानाचार्य प्रदीप कुमार रोहित कुमार शर्मा बलवंत कुमार रविकांत राजेश सैनी शिव कुमार मुन्नालाल भोज प्रकाश भूपेन्द्रसिहं गनपत सिहं बनय सिंह पुष्पेंद्र सिंह राज कुमार ईश्वरीप्रसाद राजेन्द्रप्रसाद आदि शिक्षक मौजद रहे।


# एम एस जे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया स्वतंत्रता दिवस

## भारत का भविष्य युवाओं के कंधों पर है : प्रोफेसर डॉ संजय कुमार

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महारानी जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ संजय कुमार मुख्य अतिथि रहे। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों द्वारा परेड़ एवं सलामी दी गई। प्राचार्य डॉ संजय कुमार ने महाविद्यालय के संकाय सदस्यों कर्मचारियों एनसीसी कैडेटों स्काउट एनएसएस स्वयंसेवकों तथा अन्य विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के शहीदों ने इस देश को स्वतंत्र कराने के लिए अपना जीवन और अपनी पीढ़ियाँ लगा दी और अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया।आज का यह दिवस उत्सव के रूप में मनाया जाता है परंतु इसके पीछे जो भावना होती है हमें उन संकल्पों को याद करने का भी होता है जो स्वतंत्रता के समय लिए गए थे। उन्होंने कहा कि हम अपने कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत का वो दिन दूर नहीं है जब भारत विश्व शिखर तक पहुँचेगा। उन्होंने देश के नागरिकों और युवकों को आह्वान करते हुए कहा की हमारा एवं सरकारों का भी कर्तव्य है कि इस नयी तकनीकी का उपयोग अपने व्यक्तिगत कैरियर के लिए न कर राष्ट्र भावना एवं अखंड भारत की भावना को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से करें तो आप सभी का स्थान सर्वो%च होगा। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के कंधों पर है और युवाओं की सोच पर है। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ अशोक कुमार शर्मा डॉ शिल्पी दीप माथुर डॉ अंजू तंवर डॉ संतोष गुप्ता डॉ अशोक गोयल डॉ महेश कुमार गुप्ता डॉ अशोक कुमार गुप्ता एनसीसी अधिकारी मेजर कोमल कत्याल एवं महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य मंत्रालयिक कर्मचारी अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वाधीनता दिवस पर हुआ पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार संघ के मध्य क्रिकेट मैच

## जिला पुलिस अधीक्षक रहे मैन ऑफद मैच



**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस प्रशासन व पत्रकार संघ की तरफसे क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। जिसमें पुलिस प्रशासन की टीम विजय रही। जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ मैन ऑफद मैच रहे। जिला पुलिस अधीक्षक मैदान में पहुंचे और क्रिकेट की पिच पर बगा थामकर बगेबाजी करते नजर आए। पुलिस अधीक्षक को मैदान पर क्रिकेट खेलते देख वहां मौजूद लोगों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ ने मैदान पर बगेबाजी करते हुए क्रिकेट के लम्बे शॉट लगाए। पुलिस अधीक्षक को क्रिकेट खेलते देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। लोगों ने उनके इस सहज और खेलप्रेमी अंदाज को खूब पसंद किया। शहरवासियों का कहना है कि जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ के डीग में कार्यभार संभालने के बाद पुलिस और आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास का माहौल मजबूत हुआ है।

# राजस्थान सीएम ने जेन जी का मन टटोला में आफ़रीन कादरी का भी हुआ चयन : एन डी कादरी



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता एन डी कादरी ने बताया कि ध्वजारोहण के बाद 'मुख्यमंत्री ने टटोलें जेन जी का मन' प्रदेश स्तर पर सभी चयनित विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा । प्रत्येक स्टुडेंट की तैयार प्रोफाइल, स्काउट, स्पोर्ट्स, एग्रीकल्चर, वेटनरी , टेक्निकल एजुकेशन और आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस सहित एआई के होनहार जिले के 325 छात्र छात्राओं का चयन किया गया जिसमें 11वीं 12वीं कक्षा से युनिवर्सिटी तक के विधार्थियों ने हिस्सा लिया। 'दयानंद पब्लिक स्कूल (नारायणा) की 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय की छात्रा आफ़रीन कादरी पुत्री आबूल हसन कादरी का भी चयन किया गया ' । में आफ़रीन कादरी ने भारत में राजस्थान को इतना मेहत्व क्यों दिया जाता है। पर व्याख्यान करते हुए महाराणा प्रताप से लेकर तमाम वीरों और शहीदों सहित राजस्थान के पर्यटन स्थल उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, माउंटआबू सहित सभी पर्यटन स्थल का विस्तार से आगंतुकों को अवगत करवाते हुए कहा हमारे राजस्थान को देश में इन्ही पर्यटन स्थल के कारण मेहत्व दिया जाता है। जब आफ़रीन से सवाल किया गया कि आपको छोटी-सी उम्र में पहली बार इतना बड़ा मंच मिला और इतने सारे कैमरे मीडिया सहित शासन प्रशासन कि मौजूदगी से डर घबराहट नहीं हुई पर आफ़रीन कादरी का कहना था कि वहां मौजूद सभी लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे, और में भी अपने काम को अंज़ाम दें रहीं थीं।

# देशनोक-जेगला मार्ग पर कार बाइक की जोरदार भिड़ंत, बाइक सवार गंभीर घायल

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर के देशनोक जेगला मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। यहां कार और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब तीन फीट नीचे उतर गई। राहत की बात यह रही कि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बाइक सवार को देशनोक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बीकानेर के पीबीएम ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घायल की पहचान उमेदा राम (40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह देशनोक क्षेत्र में एक खान पर मजदूरी का काम करता है और हादसे के समय काम के सिलसिले में जा रहा था। हादसे की सूचना मिलने तक देशनोक थाना पुलिस में इस संबंध में कोई औपचारिक मामला दर्ज नहीं कराया गया था। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

# रक्तदान शिविर में समाजसेवियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक किया 62 यूनिट रक्तदान

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** माहेश्वरी धर्मार्थ होम्योपैथिक चिकित्सालय एवं बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नीमदा गेट स्थित माहेश्वरी कुंज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। माहेश्वरी मंडल समिति द्वारा आयोजित इस शिविर में शहर के नागरिकों युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ प्रात: 9 बजे हुआ जो अपराह्न 3 बजे तक अनवरत चला। सुबह से ही रक्तदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। चिकित्सकों की देखरेख में सभी स्वास्थ्य मानकों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का पालन करते हुए रक्तदान के आरबीएम स्टाफ की देख रेख में केम्प सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माहेश्वरी मंडल समिति के जिलाध्यक्ष ओपी माहेश्वरी ने कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा किया गया एक यूनिट रक्तदान तीन व्यक्तियों का जीवन बचा सकता है। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और ऐसे शिविरों के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। महामंत्री मुकेश कुमार माहेश्वरी ने शिविर के सफल आयोजन पर सभी रक्तदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि एकत्र किए गए रक्त को जरूरतमंद एवं गंभीर मरीजों की सहायता के लिए ब्लड बैंक को सौंपा गया है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष विकास काबरा तथा माहेश्वरी धर्मार्थ होम्योपैथिक चिकित्सालय के व्यवस्थापक प्रहलाद माहेश्वरी सहित समिति के अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। शिविर में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की गई। जिलाध्यक्ष ओपी माहेश्वरी का जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सभी द्वारा हार्दिक शुभकामनाए दी गयी एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किये गए। इस अवसर पर हरित बृज सोसाइटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष




विष्णु कुमार शर्मा सचिव सतेन्द्र सिंह यादव अंतर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के अनिल लोहिया भारत भूषण अग्रवाल एवं मनोज जैन समिति के संरक्षक मोहनलाल माहेश्वरी राज किशोर माहेश्वरी संजय माहेश्वरी सहित समाज के युवा साथियों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

# रोजगार उत्सव में नवनियुक्त कार्मिकों में वितरित की किट



**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** रोजगार उत्सव का आयोजन रविवार को स्थानीय एसडी बिहाणी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट विजय नगर ग्राउंड, अलवर से किया गया, जहां माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव आयोजित हुआ। जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर पर आयोजित कार्यक्रम में 196 नवनियुक्त कार्मिकों में किट वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान रोजगार एवं नियुक्ति से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। रोजगार उत्सव में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर सुभाष कुमार, श्री मधुसूदन बिहाणी, आशुतोष गुप्ता, रतनलाल गणेशगढिया, प्रियंका बेलान, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, पीएमओ सुखपाल सिंह, अरविन्द्र सिंह, प्रीति गर्ग, शर्मिला, सुरेन्द्र पूनिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**80 वें स्वतंत्रता दिवस पर जिला-स्तरीय समारोह में कलक्टर ने किया ध्वजारोहण**

# विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, वीरांगनाओं का किया सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर पुलिस लाईन मैदान में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय समारोह में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, नागरिक, विद्यार्थी मौजूद रहे। एडीएम अर्पिता सोनी ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। समारोह में आरआई बजरंगल लाल के नेतृत्व में राजस्थान पुलिस, महिला पुलिस, होम गार्ड व एनसीसी, स्काउट-गाइड ने मार्च पास्ट किया। इस दौरान अतिथियों ने 61 अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों व नागरिकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आज का यह दिन भारत के लोगों को खुले में सांस लेने की आजादी के संकल्प और स्वराज की भावनाओं का ही प्रतिरूप है।

आज हम विकासशील भारत में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जी रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, शहीद भगत सिंह सहित देश के सभी महान नेताओं, वीरों, सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि औपनिवेशिक भारत में स्वराज की मशाल व आंखों में आजादी का स्वप्न लिए हमारे लाखों वीरों, क्रांतिकारियों और आजादी के सिपाहियों ने 'जय हिंद', 'वंदे मातरम' और भारत माता की जयकार करते हुए अपना सर्वस्व देश के लिए बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि चूरू का स्वतंत्रता संघर्ष और देशभक्ति की गौरवशाली परंपरा से गहरा संबंध रहा है।

हमारे देश प्रेमियों ने आजादी से करीब 17 वर्ष पहले 26 जनवरी 1930 को राष्ट्रगान गाते हुए चूरू के धर्म स्तूप पर तिरंगा फहराया और अंग्रेजी शासन को खुली चुनौती दी। उस दौर में हमारे सेनानियों ने देश प्रेम व अदम्य साहस का परिचय देकर आजादी की ज्वाला को और अधिक प्रबल किया।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार, एसडीएम धीरज झाझड़िया, एसीईओ भागचंद खारिया, बीदासर एसडीएम अमीलाल यादव, आयुक्त अभिलाषा सिंह, बंसत शर्मा,



वासुदेव चावला, चंद्राराम गुरी, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, पीआरओ सूर्यकान्त कुमावत, डीएसओ अंशु तिवाड़ी, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार सहित अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी व प्रमेन्द्र शर्मा ने किया।

**वीरगति स्मारक पर सेनानियों को किया याद** समारोह से पूर्व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम, उपखण्ड अधिकारी धीरज झाझड़िया, कर्नल विक्रम सिंह सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व पूर्व सैनिकों ने वीरगति स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर वीर सेनानियों को श्रद्धाजंलि दी और उनके बलिदानों को याद किया।

**मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा 2047 तक भारत को बनाना होगा आत्मनिर्भर**

## सीकर में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना, शहीद वीरांगनाओं को किया नमन



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिलेभर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति के जज्बे और उत्साह के साथ मनाया गया। जिला खेल स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने शहीद वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और महिला क्रांतिकारियों के बलिदान को याद किया। **महिला क्रांतिकारियों को विशेष रूप से किया याद:** समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री खर्रा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में केवल पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाओं ने भी अदम्य साहस दिखाया। उन्होंने बंगाल की शांति घोष, सुनीति चौधरी और मीरा आर्य का उदाहरण देते हुए कहा कि मीरा आर्य ने अपने पति का सामना कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जान बचाई थी। उन्होंने कहा, 'इन्हीं वीरांगनाओं के त्याग के कारण आज हम आज़ादी की सांस ले रहे हैं। **परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम:** समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड और गौरव सैनानी की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया। सेंट मेरी स्कूल व प्रिंस एजुकेशन स्कूल के बैंड ने मनमोहक प्रस्तुति दी,759 विद्यार्थियों ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन किया, जबकि छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। **मतदाता जागरूकता की शपथ:** जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने उपस्थित जनसमूह को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। साथ ही, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. राकेश कुमार मीणा ने राज्यपाल का संदेश पढ़ा। **48 प्रतिभाओं को किया सम्मान:** उल्लेखनीय कार्यों के लिए 48 अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों और पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें एसडीएम राहुल मल्होत्रा, प्राचार्या गायत्री पोरवाल, पत्रकार प्रभास नरोलिया, स्वप्निल सक्सेना व फोटो पत्रकार विशाल सैनी प्रमुख रहे। **शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि:** मुख्य समारोह से पूर्व मंत्री खर्रा ने जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीरों को नमन किया।

# व्यापारी के घर चोरी का पुलिस ने 36 घंटे में किया खुलासा, बेटा ही निकला आरोपी

**वैर (हुक्मनामा समाचार)।** ऑनलाइन गेम में पैसे हारने और कर्ज चुकाने के लिए बेटे ने घर से रुपये चुरा रची चोरी की झूठी कहानी। पकड़े जाने के डर से घर का सामान बिखेरकर खुद ही रचा चोरी का ड्रामा। चोरी के आरोपी को बाजार में होकर निकालने की मांग को लेकर व्यापार महासंघ में विघटन हो गया। महामंत्री ने इस्तीपा दे दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टोड़ेवाले मौहल्ला निवासी प्रहलाद पुत्र प्रभाती वैश्य ने 13 अगस्त को इस आशय का मामला पुलिस थाना वैर में दर्ज करवाया थी कि शाम 6.00बजे उसकी पत्नी मंदिर गई थी पीछे से अज्ञात चोर घर में रखी संदूक से 1लाख रूपये चोरी कर ले गया था। इसी चोरी के खुलासा करने के लिए व्यापार महासंघ ने शुक्रवार को कस्बे के बाजार बंद रखें। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर प्रेरणा शेखावत, पुलिस उपाधिक्षक भुसावर नीरज भारद्वाज, थानाधिकारी धीरेन्द्र पहुचे व चोरी का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 स्थानों के फुटेज खंगाले व पीड़ित के पुत्र द्वारा घटना वाले दिन ई-मित्र से 19 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर करवाए जाने से मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने 20 वर्षीय पीयूष



सिंघल पुत्र प्रहलाद वैश्य को गिरफ्तार कर 36घंटे में ही चोरी का खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ऑनलाइन गेम खेलने का आदि है जिससे उसके ऊपर कर्ज हो गया। उसी कर्ज को चुकाने के लिए पीयूष ने वारदात को अंजाम दिया। इसी मामले में पुलिस द्वारा पकडे गए आरोपी को बाजार में होकर निकाले जाने की कुछ व्यापारियों ने मांग रखी। जिसे लेकर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों व व्यापारियों की बैठक मुख्य बाजार में हुई। महासंघ के पदाधिकारियों ने बाजार में होकर आरोपी को निकाले जाने की मांग को नकार दिया। जिससे नाराज व्यापारियों ने महासंघ को न मानने की बात कही महासंघ का विघटन हो गया। इसी मामले में व्यापार महासंघ महामंत्री महेश गोयल ने व्यापार संघ के ग्रुप पर अपना इस्तीफा दें दिया। इस अवसर पर महासंघ अध्यक्ष शिवप्रकाश जिंदल, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सत्यम, महेश गोयल, छैलबिहारी गोयल आदि मौजूद रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाए शानदार वर्किंग मॉडल प्रदूषण नियंत्रण और श्वसन तंत्र के मॉडल बने आकर्षण का केंद्र




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय अग्रवाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स एवं वर्किंग मॉडल्स ने अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने 'प्रदूषण नियंत्रण' विषय पर आधारित आकर्षक वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया। मॉडल के माध्यम से छात्रों ने बताया कि आधुनिक फैक्ट्रियों एवं उद्योगों से निकलने वाले हानिकारक धुएं और दूषित पानी को आधुनिक तकनीकों की सहायता से नियंत्रित किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने सरल एवं प्रभावी तरीके से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि समय रहते प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। वहीं जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने भी प्रदर्शनी में अपनी अद्भुत रचनात्मकता और वैज्ञानिक समझ का परिचय दिया। प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षणों में रहा। कार्डबोर्ड, रंगीन चित्रों, पाइप और गुब्बारों की सहायता से बच्चों ने मानव श्वसन तंत्र का कार्यशील मॉडल तैयार किया। मॉडल के जरिए विद्यार्थियों ने फेफड़ों के काम करने की प्रक्रिया को बेहद सरल और जीवंत तरीके से समझाया। इस अवसर पर स्कूल प्रशासन, शिक्षकों और अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनियां बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, टीम वर्क और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मॉडल तैयार करने वाले विद्यार्थियों ने अपने मार्गदर्शक शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मंडेलिया शिक्षण संस्थान में स्वतंत्रता दिवस समारोह



**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** मंडेलिया शिक्षण संस्थान प्रांगण पर 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के अकाउंट एवं फाइनेंस के मुख्य अधिकारी सत्येन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया एवं परेड की सलामी ली। मंडेलिया स्कूल एवं मंडेलिया कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स और अन्य विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को आज ये संकल्प लेना चाहिए की अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करेंगे तथा सशक्त भारत बनाएंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने हमारे देश के वीरों की शहादत को याद दिलाते हुए देश सेवा का प्रण लेने का आह्वान किया। स्कूल प्राचार्या अर्चना शर्मा ने कहा कि हर भारतीय को तिरंगे की शान को बनाए रखने के लिए तैयार रहना चाहिए। स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अनेक देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी। समारोह में प्रसिद्ध समाजसेवी पवन कुमार जखोडिया, महाविद्यालय उप प्रचार्या डॉ दीप्ति कौशिक, व्याख्याता सोनिया माथुर, नितेंद्र पाठक, डॉ त्रिवेणी, डॉ सावित्री, ज्योति शेखावत, एनसीसी अधिकारी कैलाशचंद सैनी, कैप्टन विजेंद्र सिंह शेखावत, संदीप सैनी, मनीषा सैनी, डॉ बाला कुलहरि, परवीन जांगिड़, प्रमोद शर्मा, दिनेश शर्मा, सुरेश सैनी, सुरेंद्र शर्मा, निट्टू कुमार, सुरेश हमीनपुर, कांता शर्मा, सहित समस्त संस्थान सदस्य उपस्थित रहे।

# शहीद सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** गैलेक्सी बिजनेस ग्रुप के हेमन्त जयप्रकाश ताम्रायत के आयोजन में शहीद सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों एवं वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। समारोह का उद्देश्य शहीदों के त्याग और बलिदान को स्मरण करना तथा समाज में राष्ट्रभक्ति एवं देशसेवा की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्ञानचन्द बैरवा तथा दौलतराम डीआईजी जयपुर सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि एवं ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पं. केशरीचंद भंवरलाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने शहीद परिवारों का सम्मान करते हुए वीर शहीदों के बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर लधासर के शहीद लांस नायक जगनसिंह की वीरांगना ममता कंवर के साथ भगवानसिंह एवं तमन्ना, गौरीसर के शहीद राजेन्द्र नैन के पिताजी सहीराम नैन, आबड़सर के शहीद सिपाही अनाड़सिंह की वीरांगना गुमानी कंवर, छाबड़ी खारी के शहीद मूलचन्द न्यौल की वीरांगना पलासी देवी एवं उनके पुत्र, चारणवासी के शहीद मनोज कुमार मैया के छोटे भाई मुखराम मैया, भींचरी के शहीद सवार किशनसिंह की वीरांगना संतोष कंवर एवं उनके पुत्र तथा भूखरेड़ी के शहीद सिपाही मुकेश भास्कर के छोटे भाई इन्द्रचंद भास्कर का सम्मान किया गया। शहीद सम्मान समारोह के बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध राजस्थानी लोक गायक संजय मुकुंदगढ़ ने राजस्थानी लोकगीतों, लोकधुनों एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आयोजक हेमन्त जयप्रकाश ताम्रायत ने कहा कि शहीद सम्मान समारोह का उद्देश्य केवल सम्मान करना नहीं, बल्कि समाज को यह स्मरण कराना है कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों और उनके परिवारों के प्रति हमारी



जिम्मेदारी सदैव बनी रहती है। गैलेक्सी बिजनेस ग्रुप द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद परिवारों, जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों की सहभागिता रही।

## एक नजर

**नदबई उपखंडस्तरीय स्वतंत्रता दिवस पर 33 जनों का सम्मान**

### महात्मा गांधी सीनियर विद्यालय में हुआ उपखंडस्तरीय कार्यक्रम आयोजन



**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** नदबई महात्मा गांधी सीनियर विद्यालय में उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच 33 जनों को अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इससे पहले एसडीएम सचिन यादव ने झण्डारोहण करते हुए पुलिस की सलामी ली। बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच 33 जनों को स्मृति चिंह देते हुए पुरुस्कृत किया। उधर, एडीजे न्यायालय में न्यायधीश आशुतोष गोसिन्हा, एसीजेएम न्यायालय में एसीजेएम इन्द्रप्रकाश सेन, पुलिस सीओ कार्यालय में सीओ भवानी सिंह शेखावत, पंचायत समिति में विकास अधिकारी सौदान सिंह, नगर पालिका में एसडीएम सचिन यादव, बीसीएमओ कार्यालय में डॉ राहुल कौशिक, जिला चिकित्सालय में प्रभारी डॉ पवन गुप्ता, पुलिस सीओ कार्यालय पर अमर सिंह राठौड़, थाना परिसर में थाना प्रभारी अरुण सिंह, रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक संजीव मीणा आदर्श टैगोर विद्यालय में प्रबंधक सतीश शर्मा, कला विद्या सीनियर विद्यालय में प्रबंधक डॉ हिमांशु कटारा, एसआरपीजी महाविद्यालय में प्रबंधक अजय कटारा, संस्कार महाविद्यालय में उपप्रधान भूपेन्द्र फौजदार, कला भारती महाविद्यालय में पूर्व उपप्रधान गोविन्द चौधरी, भारती टीटी कॉलेज में सुमरन सिंह, नूतन आदर्श सीनियर विद्यालय में प्रबंधक विजयराज सिंह करीली, गुरुकुल सीनियर विद्यालय में प्रबंधक प्रदीप उपाध्याय, भास्कर सीनियर विद्यालय में प्रबंधक त्रिलोक शास्त्री, एपीएस विद्यालय में प्रबंधक संतोष गर्ग, श्याम सरोवर विशेष एसटीसी कॉलेज में संचालक पुष्पेन्द्र मुखिया ने झण्डारोहण किया।

### भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**बीदासर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि तिथि रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा बीदासर के दाड़ीबा स्थित नाथजी आश्रम में निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सीताराम प्रजापत के सानिध्य में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मण्डल महामंत्री भंवर सिंह राठौड़, परमेश्वर लोहिया, गुलाम रसूल बलखी, विमल टेलर, हुकमीचंद सिंघी, मांगीलाल छापोला, राज कुमार राठी, खींवकरण नारानिया, जगदीश प्रसाद स्वामी, राकेश कुमार नाई, मदनलाल भोभरिया, सुनील सुथार, मोहनलाल राठी, अशोक भाटी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### विधायक के 65 वें जन्मदिवस पर 65 यूनिट हुआ रक्तदान



**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** विधायक बहादुर सिंह कोली के 65 वे जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें रक्तकोष फाउंडेशन चिकित्सा विभाग एवं अन्य कार्यकर्ता के सहयोग से 65 यूनिट रक्त एकत्र हुआ शिविर में रक्तवीर डंपी पांडे के द्वारा रक्तदान की शुरुआत की गई जिसके लिए विधायक महोदय ने फीता काटकर शुभारंभ किया एवं सभी रक्तदान करने वाले रक्तवीरों का आभार जताया एवं रक्तदान को रक्त की कमी से जूझने बालों का जीवन बचाने के लिए बहुत आवश्यक बताया शिविर में एस डी एम भुसावर राधेश्याम मीणा के साथ बीसीएमओ योगेश कुमार ने भी रक्तदान किया। सी एच सी के प्रभारी दीपक शर्मा एवं नर्सिंग प्रभारी चंद्रशेखर पांडे के द्वारा आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के साथ शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया रक्तकोष फाउंडेशन के अनिल सोनी वीरेंद्र शर्मा एवं कार्यकारिणी के द्वारा रक्तदान में सहयोग किया शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय प्रशासन का पूरा सहयोग रहा।

### जल है तो कल है का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं : सहारण

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** जल जीवन मिशन के तहत रविवार को टाउन हॉल में जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विधायक सहारण ने कहा कि जल जीवन मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधाएं मजबूत हुई हैं। जल संरक्षण, स्रोतों की सुरक्षा और पानी का विवेकपूर्ण उपयोग प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने 'जल है तो कल है' का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### तीज माता की निकली भव्य शाही सवारी, बैंड-बाजों व झाँकियों के साथ उमड़ा जनसैलाब



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** श्रावण मास की तीज का पर्व जहाँ सुहागिनों के लिए खास है, वहीं सीकर में इस अवसर पर निकाली गई तीज माता की भव्य शाही सवारी ने पूरे शहर को उल्लासमय कर दिया। ऐतिहासिक परंपरा को निभाते हुए यह सवारी बैंड-बाजों, आकर्षक झाँकियों, रथों और शाही लवाजमे के साथ निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। तीज के इस पर्व को शहर में त्योहारों के आगमन की शुरुआत माना जाता है। सवारी का शुभारंभ बावड़ी गेट स्थित रघुनाथ जी के मंदिर से किया गया। यहाँ से रवाना होकर भव्य जुलूस सुभाष चौक, नानी गेट और सालासर स्टैंड होता हुआ नेहरू पार्क पहुँचा, जहाँ विधि-विधान से तीज माता का पूजन-अर्चन किया गया। पूजन के पश्चात सवारी वापस इसी मार्ग से होते हुए रघुनाथ जी मंदिर पहुँची, जहाँ समापन हुआ।रास्ते भर भक्तों ने माता के दर्शनों का सुख प्राप्त किया और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। सवारी के भव्य स्वरूप ने शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, प्रशासन ने सवारी मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। पुलिस बल एवं यातायात व्यवस्था विशेष रूप से तैनात रही।